दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 62
कोटद्वार शनिवार
24 जून 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## केदारनाथ में सभी यात्रियों को गर्भ गृह में प्रवेश की अनुमति

**रूद्रप्रयाग** : केदारनाथ धाम में आम तीर्थयात्रियों को अब गर्भ गृह में जाने का अवसर दे दिया गया है। बीकेटीसी ने यात्रा में आई कमी को देखते हुए सभी यात्रियों को गर्भ गृह में प्रवेश की अनुमति दी है। साथ ही यह भी फैसला लिया कि आने वाले दिनों में फिर से यात्रा में तेजी आने पर पहले की तरह सभा मंडप से ही दर्शन कराने की व्यवस्था की जाएगी।

25 अप्रैल से केदारनाथ धाम के कपाट खुलते ही यहां बड़ी संख्या में यात्री दर्शनों को पहुंचते हैं। प्रतिदिन 20 हजार यात्री दर्शनों को पहुंचते हैं, ऐसे में बदरी-केदार मंदिर समिति ने दूसरे दिन से ही सभी तीर्थ यात्रियों को गर्भ गृह में प्रवेश की अनुमति नहीं दी। सभा मंडप से ही दर्शन करने दिया। ताकि सभी यात्रियों को बेहतर दर्शन हो सके और कोई अव्यवस्था न हो। साथ ही वीआईपी और हेलीकॉप्टर से आने वाले यात्रियों को ही गर्भ गृह में जाने दिया जाता है। अब, यात्रा में कमी आने लगी है। प्रतिदिन दर्शन करने वाली यात्री संख्या भी 15 हजार से नीचे आ गई है। वहीं दूसरी ओर हेलीकॉप्टर सेवाएं भी बंद होने लगी है। ऐसे में केदारनाथ में यात्रियों की संख्या में लगातार कमी आ रही है। इसी को देखते हुए बीकेटीसी ने केदारनाथ मंदिर के गर्भ गृह में सभी यात्रियों को प्रवेश की अनुमति दे दी है। बीकेटीसी के सीईओ योगेंद्र सिंह ने बताया कि गुरुवार से इस व्यवस्था को शुरू कर दिया गया है।

## भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड बनाना सरकार का लक्ष्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना सरकार का लक्ष्य है।

सर्तकता विभाग को घूसखोरी एवं कदाचार के मामलों में प्रभावी नियंत्रण के लिये भी सजगता से कार्य दायित्वों के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में सतर्कता विभाग द्वारा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने तथा भ्रष्ट अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने की राज्य सरकार की सुस्पष्ट प्रतिबद्धता को दृष्टिगत रखते हुए कठोर निर्णय लिये जा रहे हैं।

मौजा जाखन कोचर कॉलोनी जाखन पश्चिम ऑफिसर्स कॉलोनी राजपुर रोड़ पर गलत तरीके से जमीनों पर अवैध कब्जा किये जाने के प्रकरण में दोषी अभियुक्तों सेवा निवृत्त लेखपाल मौजा जाखन तहसील सदर देहरादून, कुशाल सिंह राणा पुत्र स्व. जूरा सिंह तथा अभियुक्त राजेन्द्र डबराल पुत्र स्व. इंद्रमणि डबराल के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोजन चलाने की अनुमति दी गई। जमीन की सही रिपोर्ट लगाने के एवज में रिश्वत मांगने के संदर्भ में अभियुक्त महिपाल सिंह लेखपाल तहसील लक्सर जिला हरिद्वार के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के अंतर्गत अभियोजन चलाये जाने, रजनीश कुमार पांडे, हाल वरिष्ठ भंडारक गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति अर्जित किये जाने के संबंध में अभियोग पंजीकृत किये जाने की अनुमति दी गई है। भूपेन्द्र कुमार मुख्य महाप्रबंधक वित्त उत्तराखण्ड परिवहन निगम के विरुद्ध पद का दुरुपयोग करने, भ्रष्टाचार में लिप्त रहने इत्यादि की खुली सतर्कता जांच की अनुमति दी गयी है।

## पुरोला में फेरी वालों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध

### सैलून में पुरुष नहीं काटेंगे महिलाओं के बाल

**उत्तरकाशी ।** उत्तरकाशी के पुरोला में शांति व्यवस्था को कायम करने के लिए पुलिस अभी भी प्रयासरत है। इस संबध में पुरोला के नए थानाध्यक्ष ने बीते बृहस्पतिवार को व्यापार मंडल की बैठक ली थी। बैठक में निर्णय लिया था कि जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो जाती है, तब तक फेरीवालों का पुरोला में प्रवेश पूर्णत वर्जित रहेगा।



पुरोला के नए थानाध्यक्ष अशोक चक्रवर्ती ने पदभार ग्रहण करते ही नगर में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए व्यापार मंडल और सभी समुदाय के लोगों की बैठक ली। जिसमें उन्होंने सभी लोगों से अपील की है कि नगर में पूर्व की भांति सौहार्द और शांति बना कर रखें। थानाध्यक्ष ने बताया कि नगर में अन्य प्रदेशों से आने वाले व्यक्ति का सत्यापन अनिवार्य किया गया है।बैठक में सैलून और ब्यूटी पार्लर में कोई भी पुरूष कर्मचारी किसी महिला के बाल नहीं काटेगा। वहां पर महिला कर्मचारी की नियुक्त करनी होगी। कहा कि फिलहाल नगर में फेरी वालों का प्रवेश पूर्ण वर्जित किया गया है। पुरोला नगर क्षेत्र में मामला शांत होने के बाद समुदाय विशेष के 22 लोगों की दुकानें खुल चुकी हैं। इन व्यापारियों में चार व्यापारी वह भी शामिल हैं, जो अपनी दुकानें छोड़ कर जा चुके थे।

## हम सब साथ हैं, भाजपा हिंदुस्तान की नींव पर आक्रमण कर रही है : राहुल

**पटना, एजेंसी।** देश के कई विपक्षी दलों की शुक्रवार को पटना में बैठक हुई। बैठक के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष की बैठक की बड़ी बात यह निकली कि हम सब साथ हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम सभी एक साथ लड़ने के लिए एक आम एजेंडे पर आने की कोशिश कर रहे हैं। हम लोग एक बार फिर 10 या 12 जुलाई के बीच शिमला में मिलेंगे। बैठक के बाद आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा और आरएसएस, हिंदुस्तान की नींव और संस्थान पर आक्रमण कर रही है। उन्होंने कहा कि यह विचारधारा की लड़ाई है और हम साथ खड़े हैं। हम लोगों के बीच कुछ अंतर होगा। लेकिन, एक साथ काम करेंगे और अपनी सामान्य विचारधारा की रक्षा करेंगे।उन्होंने कहा कि अगले महीने हम लोग फिर मिलेंगे। इस एकता को और गहराई तक ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह विपक्षी एकता की प्रक्रिया है जो आगे बढ़ेगी।मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम सभी एक साथ लड़ने के लिए एक आम एजेंडे पर आने की कोशिश कर रहे हैं। हम अगली बार 10 या 12 जुलाई को शिमला में फिर मिलेंगे।उन्होंने बताया कि बैठक में चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की जाएगी। हम भाजपा के खिलाफ एक होकर लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। राज्य अलग–अलग हैं और वहां की परिस्थितियां भी अलग–अलग हैं।

## खून बहेगा, बहने दो, हम जनता की रक्षा करेंगे, एकजुट होकर लड़ेंगे: ममता

**पटना, एजेंसी।** विपक्षी दलों की महाबैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्ममंत्री ममता बनर्जी ने तल्ख तेवर देखने को मिले। उन्होंने भाजपा पर हमला बोले हुए कहा कि हमने तय किया है कि भाजपा की तानाशाही और बर्बरता के खिलाफ एकजुट होकर लड़ेंगे। वे लोग जो मर्जी में आए, वह करते हैं। कोई कुछ बोले तो ईडी, सीबीआई को पीछे लगा लेते हैं। छुपे रूस्तम की तरह हम लोगों के खिलाफ केस लगा देते हैं। ये लोग बेरोजगारी, आम जनता की चिंता नहीं करते। खून बहेगा, बहने दो, हम जनता की रक्षा करेंगे। अगर आगामी चुनाव में दोबारा तानाशाही सरकार आ गई तो अगली बार तो चुनाव ही नहीं होंगे।



ममता ने कहा कि हमें विपक्ष मत बोलो। हम इस देश के नागरिक हैं, हम भी भारत माता की जय कहते हैं, मणिपुर जलने से हमारा भी दिल जलता है। उन्होंने कहा कि कहा कि पटना में कई मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री यहां आए। लालू जी बहुत दिनों बाद ऐसी बैठक में आए। बहुत सारे आंदोलन पटना से शुरू हुए। दिल्ली में हम लोगों ने कई बैठकें कीं, इसलिए हमने कहा कि पटना से शुरू करो। तीन बातों पर हल निकला है। पहली बात– हम एक हैं। दूसरी बात– हम मिलकर लड़ेंगे। तीसरी बात– अगली बैठक शिमला में होगी। भाजपा की बदले की राजनीति का हम मिलकर मुकाबला करेंगे।

इससे पहले राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से मिलने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कहा था कि मुझे बिहार आकर काफी अच्छा लगता है। मैं जनता को धन्यवाद देती हूं। बिहार का नालंदा विश्वविद्यालय और यहां की मिठाई को काफी पसंद करती हूं। मैं लालू प्रसाद यादव की काफी इज्जत करती हूं। वह देश के सबसे सीनियर लीडर में से एक हैं। बहुत दिन जेल में रहे।

## गहरी खाई में गिरा वाहन, 02 महिलाओं की मौत, 1 गंभीर

**अल्मोड़ा।** एक दर्दनाक हादसे में एक महिंद्रा जीनियो पिकअप दल्मोड़ी–बघाड़ मोटर मार्ग पर गहरी खाई में जा गिरा। इस हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार सुबह भिकियासैंण तहसील के दल्मोड़ी–बघाड़ मोटर मार्ग पर बघाड़ के समीप हादसा हो गया। घटना सुबह 09 बजे की है। यहां महेंद्रा जीनीयो वाहन संख्या यूके 04 सीए 4761 अनियंत्रित होकर गहरे खाई में जा गिरा। जिसमें सवार दो महिलाओं की मौत हो गई है जबकि चालक कुंवर सिंह को सीएचसी भिकियासैंण में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।दुर्घटना के बाद स्थानीय नागरिकों ने घायलों को खाई से बाहर निकालकर मुख्य सड़क मार्ग तक पहुंचाया। 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।



## संक्षिप्त समाचार

### विधायक ने जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की मांग की

टिहरी : जिला अस्पताल बौराड़ी का पीपीपी मोड संचालन अनुबंध समाप्त होने के बाद अस्पताल में अनुबंध के आधार पर कार्यरत वार्ड ब्वाय, सुरक्षा कर्मचारी और वार्ड आया के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। हटाए गए कर्मचारी पुनर्नियुक्ति की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भेजकर जिला अस्पताल में व्यवस्थाएं सुधारने के साथ हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट द्वारा हटाए लोगों के लिए रोजगार की व्यवस्था करने की मांग की है। बीते 8 जून को हिमालय अस्पताल जौलीग्रांट का जिला अस्पताल बौराड़ी से अनुबंध समाप्त हो गया था, जिसके बाद अस्पताल सरकार के हाथों में आ गया। शासन प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की ओर से अस्पताल के सही संचालन हेतु पूर्व किसी प्रकार की कोई उचित व्यवस्था न किये जाने पर अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था खराब हो गई। विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री से जिला अस्पताल की व्यवस्था को सुधारने तथा हटाये गये लोगों के लिए रोजगार की व्यवस्था करने की मांग की है।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुण्य तिथि पर किया याद

टिहरी : भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर टिहरी विधायक और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें याद किया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश में मजबूत लोकतंत्र स्थापित करने के लिये जो योगदान दिया उसे भुलाया नहीं जा सकता है। शुक्रवार को भाजपा पार्टी दफ्तर में भारतीय जन संघ के संस्थापक रहे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल सहित पार्टी पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। विधायक ने कहा कि डॉ. मुखर्जी हमारे आदर्श हैं, युवा पीढ़ी को उनसे आदर्शों से प्रेरणा लेने की जरूरत है, कहा कि उन्होंने निष्पक्ष भाव देश हित के लिए जो योगदान दिया है, उसे हमेशा याद किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने जन संघ की स्थापना कर देश को नई दिशा देने का काम किया है, वह भाजपा के आदर्श हैं, देश हित में उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। श्रद्धांजलि देने वालों में भाजपा के वरिष्ठ नेता खेम सिंह चौहान, देवेन्द्र बैलवाल, ब्लॉक प्रमुख सुनीता देवी, मंजू चंद, लीला मखलोगा, असगर अहमद, सोहन रावत, तौफिक अहमद, तेजराम सेमवाल, जबर सिंह नेगी, अनुसूया नौटियाल, पवन शाह सहित कई लोग मौजूद थे। (एजेंसी)

### फर्जी तरीके से लोन लेने का आरोप

हरिद्वार। हरिद्वार। कोर्ट के आदेश पर फर्जी तरीके से लोन लेने के मामले में कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। अली हसन निवासी मंडी का कुंआ ने बताया कि उसका बैंक खाता आईडीबीआई बैंक शाखा निकट चंद्राचार्य चौक में है। आरोप है कि उसके बैंक खाते के आधार पर किसी दूसरे ने उनके नाम से लोन ले लिया है। जिसके बाद लोन की किश्तें न अदा होने से उसकी सिबिल खराब हो रही है।

### ग्रामीण बोले नहीं दिख रही कांवड़ की तैयारियां

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र में कांवड़ मेले की सभी तैयारियां अधूरी नजर आ रही है। सड़क किनारे फुटपाथ पर बने गहरे गड्ढे हादसों को दावत दे रहे है। डाक कांवड़ लक्सर हरिदवार मार्ग से होकर हरिद्वार पहुंचती है। वही, फेरुपुर में टूटी सड़क व जलभराव से होकर कांवड़ियों को गुजरना पड़ सकता है।

# डेंगू की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग तैयार, ब्लॉक स्तर पर बनाई कार्य योजना



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : डेंगू रोग रोकथाम व नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय अंतर विभागीय बैठक में डेंगू रोकथाम की कार्ययोजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए मजबूत समन्वय पर जोर दिया गया। इस अवसर पर जनमानस में डेंगू रोकथाम व बचाव को लेकर चल रहे जागरूकता अभियान को और अधिक सक्रियता से चलाने पर जोर दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में आयोजित अंतर विभागीय बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास, पेयजल, नगर पालिका आदि विभागों द्वारा प्रतिभाग किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विमल सिंह गुसाईं ने बताया कि कि डेंगू रोग रोकथाम व नियंत्रण के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर स्तर पर तैयारियां की गई हैं, जिसके अंतर्गत ब्लाक स्तर पर कार्य योजना तैयार कर दी गई है। उन्होंने शिक्षा एवं बाल विकास विभाग से स्कूल, आंगनबाड़ी में डेंगू से बचाव के बारे में जागरूकता फैलाने, पेयजल निगम व जलसंस्थान से पाइप लाइन से लिकेज आदि का अनावश्यक पानी जमा न होने देने, नगर पालिका व नगर पंचायतों से उनके क्षेत्र में अनावश्यक पानी जमा न होने देने, नियमित फॉगिंग कराते रहने, पंचायतीराज विभाग से ग्राम स्तर पर डेंगू जागरूकता को लेकर जनमानस को जागरूक करने, परिवहन विभाग से मैदान से आवागमन करने वाले सब्जियों के वाहक ट्रक आदि वाहनों में रखे टायरों में पानी जमा होने व उनके माध्यम से डेंगू का मच्छर आने की आशंका के दृष्टिगत संबंधित को संवेदीकृत करने की अपील की। एपिडेमियोलॉजिस्ट डा. शाकिब हुसैन ने कहा कि रूके हुए पानी में डेंगू का मच्छर पनपने की आशंका बनी रहती है, लिहाजा डेंगू से बचने के लिए सबसे अच्छा उपाय यह है कि डेंगू के मच्छर को पनपने ही न दें, इसके लिए घरों, स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों के आस-पास पानी एकत्रित न होने दें। उन्होने जल भंडारण की वस्तुओं को ढक कर रखने, कूलर, फूलदान, टंकी आदि ऐसी चीजें जहां पानी एकत्र हो सकता है वहां पानी एकत्र न होने दें व इन स्थानों पर सप्ताह में एक बार सफाई करने तथा डेंगू के मच्छर से बचाव हेतु पूरी बांहों वाले कपड़े पहनने, मच्छरदानी, मच्छर नाशक क्रीम, स्प्रे आदि का प्रयोग करने की अपील की है।

बैठक में नगर पालिका से भास्कर चंद्र कोठारी, पियूष सेमवाल, शिक्षा विभाग से आशुतोष गौड, नगर पंचायत तिलवाड़ा से प्रदीप, परिवहन विभाग से मुकुल, कृषि विभाग से लोकेंद्र भट्ट, पशुपालन विभाग से डा. अशोक कुमार, डीसी आईईसी हरेंद्र सिंह नेगी, डीईओ कलम सिंह आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म और गर्भपात के आरोपी पर केस, गिरफ्तार



देहरादून। घर में घुसकर नाबालिग से दुष्कर्म करने और गर्भवती होने पर गर्भपात की दवा खिलाने के आरोपी को लक्ष्मण चौक चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी और पीड़ित पक्ष अलग–अलग समुदाय से हैं। पूछताछ के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। वहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। शहर कोतवाल विद्याभूषण सिंह नेगी ने बताया कि लक्ष्मण चौक चौकी में एक व्यक्ति ने तहरीर दी। बताया कि गुरुवार को वह घर में थे। पत्नी बाहर गई थी। देखा तो उनकी 17 साल की बेटी पेट में दर्द के चलते परेशान थी। पूछा तो वह रोने लगी। शांत किया तो बताया कि उवैश कुरैशी निवासी मुस्लिम बस्ती, गांधीग्राम, उसे आते–जाते परेशान करता था। एक दिन वह घर में अकेली थी। इस दौरान वह घुसा और जबरन दुष्कर्म किया। धमकी दी कि यह बात किसी को बतायी तो वह उसे व उसके भाई को जान से मार देगा। कुछ दिन पहले नाबालिग ने आरोपी को शारीरिक बदलाव पेट दर्द के बारे में बताया। इसके बाद आरोपी गर्भपात की दवाएं लगाकर दी। जिन्हें खाने के बाद पीड़िता के पेट में दर्द उठा था। पीड़िता के पिता की तहरीर पर गुरुवार को केस दर्ज कर जांच महिला दरोगा नीमा के सुपुर्द की गई। लक्ष्मण चौक चौकी इंचार्ज कविंद्र राणा ने बताया कि आरोपी ओवेश कुरैशी (19) को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया।



# टीम—07 एफसी ने द डिफेंडर को हराया

देहरादून। दून मेडिकल कॉलेज में जीडीएमसी सॉकर लीग 2.0 के फाइनल में टीम–07 एफसी ने द डिफेंडर्स को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता में पांच टीमें शामिल हुई थी। मेडिकल कॉलेज के मैदान में खेले गए फाइनल मैच में टीम–07 एफसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3–2 के अंतर से जीत दर्ज की। मौके पर टीम एफसी के कप्तान डा. कृष्णा वार्ष्णेय, मैनेजर डा. भवनीत शर्मा, द डिफेंडर्स के कप्तान डा. सचिन पांडेय, मैनेजर डा. राहुल जैन आदि मौजूद रहे। प्राचार्य डा. आशुतोष सयाना ने छात्रों को शुभकामनाएं दी हैं।

### भोजनमाताओं ने दी 27जून को सचिवालय कूच की चेतावनी

देहरादून। वेतन बढ़ोत्तरी समेत विभिन्न मांगों का निराकरण नहीं होने से भाजनताओं में आक्रोश है। भोजनमाताओं ने 27 जून को सचिवालय कूच करने की चेतावनी दी है।

शुक्रवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत में प्रगतिशील भोजनमाता संगठन की महामंत्री रजनी जोशी ने कहा कि भोजनमाताएं वेतन तीन हजार से पांच रुपये करने, न्यूनतम वेतन लागू करने और स्थायीकरण की मांग लंबे समय से कर रही हैं। इसके लिए कई बार धरना–प्रदर्शन भी किए जा चुके हैं, लेकिन सरकार उनकी नहीं सुन नहीं है।

# सीएम धामी से मिले पीएम मोदी के प्रमुख सचिव



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास, देहरादून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रमुख सचिव डॉ.पीके मिश्रा, सलाहकार अमित खरे, उप सचिव मंगेश घिल्डियाल ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रमुख सचिव डॉ.पीके मिश्रा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट बद्रीनाथ मास्टर प्लान के अन्तर्गत संचालित पुनर्निर्माण कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उन्हें उपहार स्वरूप स्थानीय उत्पाद भेंट किए। उल्लेखनीय है कि प्रमुख सचिव डॉ.पीके मिश्रा, सलाहकार श्री अमित खरे, उप सचिव श्री मंगेश घिल्डियाल द्वारा चमोली पहुंच बद्रीनाथ में चल रहे पुनर्निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया था। इस दौरान अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, विशेष कार्याधिकारी श्री केदारनाथ बद्रीनाथ रिडेवलपमेंट वर्क्स भाष्कर खुल्बे भी उपस्थित रहे।

# गृह आवास होमस्टे विकास योजना के अंतर्गत चयनित आवेदकों के साक्षात्कार हेतु ज़िला चयन समिति की बैठक

हरिद्वार। पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना एवं दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास होमस्टे विकास योजना के अंतर्गत चयनित आवेदकों के साक्षात्कार हेतु ज़िला चयन समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी हरिद्वार प्रतीक जैन की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आयोजित की गई।

वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना में वाहन मद के अन्तर्गत 22 आवेदक, गैर वाहन मद में 01 आवेदक व दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास होम स्टे विकास योजना के अंतर्गत 04 आवेदकों के द्वारा आवेदन किया गया था जिन्हें जिला अनुश्रवण समिति के सम्मुख प्रस्तुत किया गया और सभी आवेदकों का साक्षात्कार किया गया, जिसके आधार पर उक्त आवेदन पत्रों का निरीक्षण एवं परीक्षण करने के उपरांत समिति द्वारा वाहन मद में 11, गैर वाहन मद में 01 एवं होम स्टे योजना के अंतर्गत 04 आवेदकों के आवेदन को वित्त पोषण हेतु योजना के अंतर्गत चयन किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पर्यटन विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि समिति द्वारा स्वीकृत आवेदन पत्र सम्बन्धित बैंकों को तत्काल प्रेषित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अग्रणी जिला प्रबन्धक को निर्देशित करते हुए कहा कि आवेदकों को बैंकर्स द्वारा समयबद्धता से ऋण मुहैया कराया जाये। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि ऋण स्वीकृत करने में आनाकानी करने वाले बैंकर्स के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने स्वरोजगार इच्छुक लोगों को योजना के तहत अधिक से अधिक व्यक्तियों को स्वरोजगार मुहैया करने हेतु जिला उद्योग केन्द्र तथा जिला पर्यटन विकास अधिकारी को निर्देशित किया, साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता को स्वरोजगार सम्बन्धी योजनाओं की जानकारी दें, जिससे वह भी योजनाओं का लाभ ले सकेंगे।




बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन ने कहा कि होमस्टे योजना के अंतर्गत भवन निर्माण में पहाड़ी थीम का प्रयोग किया जाये। इससे पहाड़ी परम्परा से देश विदेश के पर्यटक रूबरू हो सकेंगे व उत्तराखंड को अपनी विशिष्ट पहचान मिलेगी।

बैठक में जिला पर्यटन विकास अधिकारी/ क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी सुरेश सिंह यादव, लीड बैंक अधिकारी संजय संत, उद्योग विभाग से एस0पी0ए0 सचिन कुमार, एआरटीओ कार्यालय से टी0टी0ओ0 रविन्द्र पाल सैनी, डीडीएम नाबार्ड अखिलेश डबलराल, वरिष्ठ सहायक आशीष कुमार, मनोज तोमर, गम्भीर सिंह सहित आवेदक मौजूद रहे।

# जनसंघ के संस्थापक को किया भाजपाईयों ने याद



हरिद्वार। आज जनसंघ के संस्थापक शिक्षाविद डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित की उन्हें नमन किया। शुक्रवार को कार्यक्रम सप्तऋषि मंडल अध्यक्ष तरुण नैय्यर के नेतृत्व में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस मौके पर भाजपा नेता सुनील सेठी ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद के बलिदान को भुलाया नही जा सकता। उन्होंने जनसंघ में रहते सभी को एकजुट करने का प्रयास करते हुए जनसंघ को उंचाइयों पर पहुंचाया। मंडल महामंत्री देवेश ममगाईं एवं मंडल महामंत्री विक्की आडवाणी ने कहा कि मुखर्जी के व्यक्तित्व से देश को सीखने की जरूरत है कैसे उन्होंने अपने समय में जनसंघ के लिए लड़ाई लड़ते हुए बलिदान दिया वो हमेशा देश के नागरिकों के लिए एक मिसाल है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केतन सहगल, करुण मदान, अमन गुप्ता, विशाल कुमार, पूनम माखन, ऋतु मदान, पुष्पा अनुरागी, नीतू अघिनोत्री, नीरू सैनी, तृप्ति माखन, अनिता सिंह , प्रिया गुप्ता उपस्तिथ रहे।

### महावीर जैन में लगा नमोकार योग शिविर

देहरादून। महिला जैन मिलन राजुल की ओर से तिलक रोड स्थित श्री महावीर जैन कन्या पाठ-शाला इंटर कॉलेज में नमोकार योग शिविर लगाया गया। जिसमें पतंजलि योगपीठ योगा गुरु जैन सहयोगी कुसुम गुप्ता ने योग सिखाया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नरेश चन्द्र जैन, क्षेत्रीय संयोजक पंकज कुमार जैन, केन्द्रीय संयोजक सन्दीप जैन, केंद्रीय महिला संयोजिका मधु जैन, मानवाधिकार चेयरमैन सचिन जैन मौजूद रहे। इस अवसर पर नरेश चंद जैन ने कहा कि अभ्यास के रूप में योग के असंख्य लाभ हैं, जो किसी व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से सकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं।

# पुलिस ने चलाया अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स जन जागरूकता अभियान




हरिद्वार। पुलिस ने पथरी क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया। लोगों को भविष्य में किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों का प्रयोग न करने की शपथ भी दिलाई गई। अभियान के तहत शुक्रवार को एसआई टू प्रभारी राकेश कुमार ने पथरी थाना, फेरुपुर चौकी, धनपुरा, शाहपुर, बादशाहपुर, रानीमाजरा, पदार्था, फेरुपुर, धनपुरा, बहादरपुर जट सहित विभिन्न स्थानों पर चौपाल लगाकर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि भारत में नशा और अवैध तस्करी को रोकने के लिए सख्त कानून हैं। लेकिन लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। बिना जनता के सहयोग से यह संभव नहीं है। फेरुपुर पुलिस चौकी प्रभारी बीरेंद्र सिंह नेगी ने नशे से होने वाले नुकसान के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया। इस दौरान एलआईयू के एसआई नवीन तोमर, केसी जोशी, पंचम प्रकाश, वसीम अहमद, विक्रम, संदीप राणा आदि मौजूद रहे।

# आवारा पशुओं से खेती की सुरक्षा हेतु कृषि सुरक्षा फोर्स की तर्ज पर कृषि सुरक्षा दल का किया जाए गठन : सुरेंद्र शर्मा



देहरादून। भारतीय किसान यूनियन, उत्तराखण्ड देहरादून के प्रदेश अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र दत्त शर्मा ने आज उज्वल रेस्टोरेन्ट में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है और देश में अधिकतम जन संख्या खेती पर निर्भर है, जिनके लिये आवारा पशुओं से खेती की सुरक्षा हेतु कृषि सुरक्षा फोर्स की तर्ज पर कृषि सुरक्षा दल इ.र.ा. का गठन किया जाये, जिससे खेती की सुरक्षा और रोजगार देने में मदद मिलेगी। देश में किसान आय आयोग का गठन हो 50 वर्ष से ऊपर के प्रत्येक किसान परिवार को कम से कम 6000/– रूपये मासिक पेन्शन हो। एम.एस.पी. गारन्टी कानून व तीन कृषि बिल की समाप्ति की गारन्टी हो। कृषि यन्त्रों की क्षतिपूर्ति मिले। वृद्ध और विधवा पेंशन पूरे देश में एक समान हो, डी.ए.पी. और यूरिया तथा डीजल उचित मूल्य पर उपलब्ध हो। पूरे देश में किसानो को बिजली मुफ्त हो। विकास खण्ड में बीज व दवाई समय से उपलब्ध हो। इसके अतिरिक्त लाल कोठी हरिद्वार में राष्ट्रीय चिन्तन शिविर जो 12, 13 व 14 जून को हुआ था उसमें 23 सूत्रीय ज्ञापन देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को दिया गया। इसके अतिरिक्त लखनऊ में 09 अगस्त को महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। इस पंचायत में उत्तर-ाखण्ड से भी भा०कि०यू० लोकशक्ति के पदाधिकारी भाग लेंगे।

आज देहरादून का नया जिला अध्यक्ष मोहम्मद महबूब को बनाया गया है। इससे पूर्व जिला अध्यक्ष अयाज अहमद को निष्क्रियता एवं अनुशासनहीनता के आरोप में हटा दिया गया है। इस अवसर संगठन को मजबूत बनाने पर भी बल दिया गया। जो पदाधिकारी संगठन के प्रति उदासीन निष्क्रिय होगा और संगठन के क्रिया कलापों में भाग नहीं लेगा उसे तत्काल हटा दिया जायेगा।

इसके अतिरिक्त संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक ब्रह्मचारी हरीकिशन किमोठी (रावल जी. बाबा तुंगनाथ ) प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कर्नल ए. आर. मन्हास, प्रदेश मीडिया सलाहकार श्री बी. एन. बजाज, राष्ट्रीय न्याय कृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नानक चंद, प्रदेश महामंत्री श्री जगराम सिंह, सूर्यप्रकाश भट्ट आदि ने अपने विचार रखे। संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी एड.वो० नरेश कुमार गुप्ता ने किया।इस अवसर पर मासिक पंचायत में प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षो ने भाग लिया। प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद यामीन, नरेन्द्र कुमार गोस्वामी (सेलाकुई), प्रदेश सचिव उमेश कुकरेती, मो0 साजिद, मोहन दत्त भट्ट, संजय चौधरी, रोहित सोनकर, जिला अध्यक्ष हरिद्वार आकाश अग्रवाल, रूद्रप्रयाग जिला अध्यक्ष रियासत, महिला जिला अध्यक्ष निशा मेहरा, उपाध्यक्ष शालिनी सोहल, दीपक अग्रवाल, सुलेख चन्द सैनी, नरेन्द्र शर्मा, अनुज तोमर, सलमान खान आदि उपस्थित रहे।

## कार्यकर्ता केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के थलीसैंण में कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कार्यकर्ताओं से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की अपील की।

शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत थलीसैंण पहुंचे। यहां पर पहले उन्होंने टिफिक बैठक ली। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी के नौ साल के कार्यकाल की सराहना की। कहा कि नौ सालों में देश प्रगित पथ पर अग्रसर हुआ है। इस दौरान महा जनसंपर्क अभियान के तहत घर पर जाकर लोगों से मुलाकात भी की। उन्होंने मिस कॉल के जरिए पीएम मोदी के लिए समर्थन मांगा। इस मौके पर उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ अध्यक्ष मातवर सिंह रावत, जिला सहकारी संघ पौड़ी के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# चारधाम यात्रा से लौटी जीएमओयू की बसें, पहाड़ के यात्रियों को मिली राहत

### अधिकांश बसों के चार धाम रूट पर जाने से यातायात व्यवस्था हो गई थी बेपटरी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** चारधाम यात्रा रूट पर गई गढ़वाल मोटर आनर्स यूनियन (जीएमओयू) की बसें अब वापस लौटने लगी हैं। बसों के रूट पर लौटने के बाद पहाड़ जाने वाले यात्रियों को काफी राहत मिलने लगी है। इससे पूर्व मैक्स संचालक यात्रियों से मुंह मांगा किराया वसूल रहे थे।

गढ़वाल मोटर आनर्स यूनियन को गढ़वाल की रीढ़ कहा जाता है। लेकिन, अधिकांश बसों के चार धाम यात्रा रूट पर चले जाते से पहाड़ में यातायात व्यवस्था बेपटरी होने लगी थी। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी गर्मी की छुट्टी में मैदान से अपने गांव जाने वाले यात्रियों को उठानी पड़ रही थी

। यही नहीं यात्रियों की इस मजबूरी का सबसे अधिक फायदा मैक्स वाहन चालक उठा रहे थे।

कई मैक्स वाहन चालक यात्रियों से दोगुना किराया तक वसूल रहे थे। पहाड़ में कई रूट ऐसे भी हैं जहां केवल जीएमओयू की बसों का ही संचालन होता है। ऐसे में यात्रियों को इन रूटों पर वाहन बुक कर यात्रा करनी पड़ रही थी। लेकिन, अब धीरे-धीरे जीएमओयू के वाहन यात्रा से वापस लौटने लगे हैं। बसों के संचालन से यात्रियों को काफी राहत मिल रही है।



कोटद्वार के जीएमओयू बस अड्डे में पहाड़ी रूट के लिए खड़ी बसें

## पैसों के लेन देन को लेकर दो पक्षों में विवाद, कोतवाली में काटा बवाल

पौड़ी : पैसों के लेनदेन को लेकर शहर में दो पक्षों में विवाद हो गया। वहीं एक पक्ष द्वारा वीडियो जारी करते हुए दूसरे पक्ष के खिलाफ गाली गलौज करने, जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। शुक्रवार को दोनों पक्ष के लोग कोतवाली पहुंचे। जहां पर पुलिस के सामने दोनों पक्षों ने जमकर बवाल काटा। हालांकि बाद में दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हो गया। शुक्रवार को कोतवाली पहुंचे शिकायकर्ता ऋषभ कुमार ने बताया कि बीते गुरुवार की शाम को एक युवक ने उसे जबरन अपनी गाड़ी में बैठा लिया। इस दौरान उसके साथ गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी दी है। कहा कि इसके बाद से वह व उसका परिवार डरा हुआ है। पीड़ित ने मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद लोगों की भीड़ शुक्रवार को कोतवाली में पहुंची। जहां पर एक पक्ष के द्वारा पुलिस के सामने जमकर हंगामा काटा गया। कोतवाल गोविंद कुमार ने बताया कि मामला पैसों के लेनदेन को लेकर था। दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हो गया है। इस दौरान राज्य आंदोलनकारी बीरा भंडारी, व्यापार सभा के कोषाध्यक्ष कुलदीप गुसांई, आयुष भंडारी आदि मौजूद रहे।

# बलिदान दिवस पर डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को याद करते हुए भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि समाज हित में दिए गए डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत ने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक रहे हैं। उन्होंने सदैव सामाजिक हितों को लेकर कार्य किया। समाज सेवा के लिए दिया गया डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। केंद्री की मोदी सरकार भी डा. मुखर्जी के बताए मार्ग पर ही चल रही है। डा. मुखर्जी जीवन पर्यंत एक निशान एक विधान की बात कहते रहे। उसी से प्रेरित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने कश्मीर से धारा-370 को हटाया। कहा कि भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता व पदाधिकारी को भी डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। इस मौके पर भाजपा प्रदेश प्रकोष्ठ प्रभारी ऋषि कंडवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज भाटिया, अमिताभ अग्रवाल, किरन राजपूत, आशीष सतीजा, विनय शर्मा, ओम प्रकाश बलूनी, संजय रावत, गजेंद्र रावत, विजय रावत, मंजू जखमोला, गायत्री भट्ट, मुकेश डबराल, रजनीश चौधरी, मीना बैंजवाल, जंगबहादुर रावत आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धाजलि देते भाजपाई

## फैक्ट्री में चलती मशीन की चपेट में आया श्रमिक, मौत

### भाबर क्षेत्र के अंतर्गत जशोधरपुर स्थित एक फैक्ट्री में हुआ हादसा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** भाबर क्षेत्र के अंतर्गत जशोधरपुर स्थित एक फैक्ट्री में काम करते समय श्रमिका का हाथ व सिर मशीन की चपेट में आ गया। गंभीर रूप से घायल श्रमिक को अन्य श्रमिकों ने राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घाषित कर दिया।

शुक्रवार दोपहर झंडीचौड़ पश्चिमी निवासी सुरेश (38 वर्ष) पुत्र मोती राम एक स्ट्रील फैक्टी की मशीन में लोहा गलाने का कार्य कर रहा था। इसी दौरान अचानक मशीन के चलते पट्टे में उसका हाथ फंस गया। दर्द से चीख रहा सुरेश जब हाथ बाहर निकालने के लिए झुका तो उस-का सिर भी पट्टे पर आ गया। आसपास मौजूद अन्य श्रमिकों ने गंभीर हालत में उसे निजी वाहन से राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने सुरेश को मृत घोषित कर दिया।

चिकित्सकों ने बताया कि मशीन की चपेट में आने से श्रमिका का हाथ व सिर बुरी तरह कुचल चुका था। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# राहगिरों की प्यास बुझाने के लिए टंकियों का हुआ शुभारंभ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : रोटरी क्लब की ओर से लालबत्ती चौराहे में एक यात्री शेड व नगर के विभिन्न स्थानों में छह पानी की टंकियों की सौगात दी गई। शुक्रवार को एक कार्यक्रम में नगर आयुक्त वैभव गुप्ता ने रिबन काटकर इनका उद्घाटन किया।

नगर आयुक्त ने रोटरी क्लब की ओर से जनसरोकारों के लिए किए गए कार्य की सराहना की। कहा कि यात्री शेड के निर्माण से लोगों को धूप व बरसात से बचने के लिए स्थान मिलेगा। साथ टंकियों के निर्माण से राहगीरों को पीने के पानी की सुविधा मिलेगी।



तीलू रौतेला चौक पर रीबन काटकर पेयजल टंकी का शुभारंभ करते अतिथि

रोटरी क्लब के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए क्लब ने यह यात्री शेड बनाया है।

जनता को पीने के पानी की असुविधा न हो, इसके लिए नगर के विभिन्न स्थानों में बनी छह पानी की टंकियों का जीर्णोद्धार कर पेयजल की सुविधा प्रदान की गई है।

इस अवसर पर पार्षद विपिन डोबरियाल, कविता मित्तल, मीनाक्षी कोटनाला, रोटरी सचिव ऋषि ऐरन, अनीत चावला, गोपाल बंसल, विजय माहेश्वरी, कुलदीप अग्रवाल, बिपिन बक्शी, शरत चन्द गुप्ता, अशोक अग्रवाल, अवधेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. केएस नेगी ने किया।

## पर्यटन विभाग के दो कमरों में चल रहा पॉलीटेक्निक कालेज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जगमोहन रावत ने प्रदेश के वन व तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल से सतपुली स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक की सुध लेने की मांग की है। कहा कि करोडों रुपये से भवन बनने के बाद भी पॉलीटेक्निक कॉलेज पर्यटन विभाग के दो कमरों में संचालित हो रहा है।

इस संबध में वन मंत्री को प्रेषित पत्र में उन्होंने कहा है कि पर्वतीय क्षेत्रों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था बनाने के लिए सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। लेकिन, वर्तमान में राजकीय पॉलीटेक्निक सतपुली पर्यटन विभाग के दो कक्षों में संचालित हो रहा है, जबकि पॉलीटेक्निक का अपना भवन सतपुली के निकट स्थित चमासूधार में बनकर तैयार हो चुका है। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश निर्माण निगम और संबधित विभाग के बीच किसी विवाद के चलते इस भवन में पॉलीटेक्निक का संचालन अब तक आरंभ नहीं हो पाया है। कहा कि भवन निर्माण में जहां सरकार का करोड़ों का बजट खर्च हुआ है, वहीं पॉलीटेक्निक निर्माण के लिए निःशुल्क भूमि दान देने वाले ग्रामीणों की भावनाओं से भी खिलवाड़ हो रहा है। करोड़ों के बजट से बना भवन रखरखाव के अभाव में जर्जर होने लगा है। पत्र में उन्होंने तकनीकी शिक्षा मंत्री से इस संबध में शीघ्र ही सकारात्मक कार्रवाई करने की मांग की है।

# विकास कार्यों के लिए नगर निगम को धन अवमुक्त करें सरकार

### महापौर हेमलता नेगी ने भेजा विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण को पत्र

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : महापौर हेमलता नेगी ने प्रदेश सरकार से विकास कार्यों के लिए धन अवमुक्त करने की मांग की है। कहा कि धन के अभाव में नगर निगम के कई विकास कार्य धरातल पर नहीं उतर पा रहे हैं। जबकि, इस संबंध में कई बार प्रदेश सरकार को पत्र भी भेजे गए हैं।

महापौर हेमलता नेगी ने इस संबंध में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण को पत्र भेजा। उन्होंने कहा कि जनता को बेहतर विकास के सपने दिखाकर सरकार ने कोटद्वार नगर निगम का गठन किया था। लेकिन, अब सरकार नगर निगम को धनराशि भी उपलब्ध नहीं करवा रही है। पत्र में कहा कि नगर निगम की बोर्ड बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास किए जाते हैं। लेकिन, बजट के अभाव में यह योजनाएं धरातल पर नहीं उतर पा रही हैं। कहा कि शहर में लगातार आवारा पशुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। नगर निगम की ओर से गौधाम निर्माण के लिए पांच एकड़ भूमि उपलब्ध करवाने के लिए कई बार शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।

लेकिन, अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। नतीजा, आवारा गौवंश आमजन के लिए मुसीबत बनते जा रहे हैं। कहा कि अविभाजित उत्तर प्रदेश की भूमि पर कोटद्वार का सीवर फार्म हुआ करता था। यदि प्रदेश सरकार चाहे तो उक्त भूमि को दोबारा सीवर ट्रीटमेंट प्लांट व कूड़ा निस्तारण के लिए उत्तर प्रदेश से लिया जा सकता है। इससे शहर में सीवर व कूड़ा निस्तारण की समस्या का बेहतर निराकरण हो सकता है। कहा कि सरकार को मोटर नगर में बनने वाले आधुनिक बस अड्डे के विवाद को समाप्त करने के लिए नगर निगम का सहयोग करना चाहिए।

पत्र में वार्डों में जलभराव, गूलों की मरम्मत, पार्कों के सौंदर्यीकरण सहित अन्य योजनाओं के लिए बजट जारी करने की भी बात कही गई। कहा कि सरकार को नगर निगम भवन के लिए भूमि उपलब्ध करवाने पर भी ध्यान देना चाहिए। साथ ही निगम में रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया भी शुरू की जानी चाहिए।

## समाज के बेहतर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं

श्रीनगर गढ़वाल : नशा मुक्त भारत अभियान के तहत श्रीनगर कोतवाली पुलिस ने जनजागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने सभी से नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने की अपील की। एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे के मार्गदर्शन में शुक्रवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर रवि कुमार सैनी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने टीजीएमओ टैक्सी स्टैंड पर टैक्सी यूनियन के सभी वाहन चालकों, सदस्यों, यात्रियों व आम जनमानस को नशे के दुष्प्रभावों के साथ-साथ यातायात, साइबर और महिलाओं से संबंधित अपराधों के लिए जागरूक किया। इस दौरान पुलिस के जवानों ने बाल अपराध, महिला सुरक्षा, चाइल्ड हेल्प लाइन, बाल भिक्षा वृत्ति, साइबर क्राइम, नशा मुक्ति तथा उत्तराखंड पुलिस एप के साथ-साथ डॉयल-112, साइबर हेल्पलाइन नंबर-1930 आदि के बारे में जानकारी दी। साथ ही लोगों को नशे का सेवन न करने व नशा मुक्त भारत बनाये जाने की शपथ भी दिलाई गयी। इस मौके पर पुलिस टीम ने समाज के बेहतर निर्माण के लिये सभी व्यक्तियों को अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील की। (एजेंसी)

# नैनो यूरिया व नैनो डीएपी के महत्व की दी जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : इफको देहरादून की ओर से सुखरो देवी सहकारी समिति में नैनो यूरिया व नैनो डीएपी के महत्व व उपयोग विधि विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इफको क्षेत्र अधिकारी विनोद कुमार जोशी ने कहा कि सहकारी संस्था इफको ने भारत में पूर्णतया स्वदेशी रूप से अविष्कृत और निर्मित विश्व का पहला इफको नैनो यूरिया बनाया है।

नैनो यूरिया बेहतर पोषण के साथ उत्पादन बढ़ाता है और रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में भी कमी लाता है। यह जल, वायु और मृदा प्रदूषण को कम करता है जिससे भूमिगत जल और मिट्टी की गुणवत्ता पर बहुत अच्छा प्रभाव पड़ता है। तरल इफको नैनो यूरिया को पौधों के पोषण के लिए प्रभावी पाया गया है। नैनो बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर, कलोल में विकसित मालिकाना तकनीक के माध्यम से इफको के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों द्वारा कई वर्षों के शोध के बाद स्वदेशी रूप से नैनो यूरिया (तरल) को विकसित किया गया है।

वहीं इफको किसानों के लिए नैनो डीएपी तरल भी लेकर आई है।

नैनो डीएपी पौधों की उत्पादकता को बढ़ाने वाला एक प्रभावी उत्पाद है। नैनो यूरिया की 2-4 एमएल मात्रा प्रति लीटर पानी में मिलाकर सभी प्रकार की फसलों में आवश्यकता अनुसार पत्तों पर स्प्रे किया जाता है व नैनो डीएपी का उपयोग बुवाई के समय व जब फसल में अच्छे से पत्ते आ जाएं तो पानी में मिलाकर पत्तों में स्प्रे किया जाता है। कार्यक्रम में जिला प्रबंधक यूसीएफ राकेश ममगांई, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता संजीव रावत, ब्लाक सचिव एवं उर्वरक विक्रता मौजूद रहे।




आयोजित कार्यक्रम में जानकारी देते विशेषज्ञ

# बीईओ पर लगाया शिक्षकों का उत्पीड़न करने का आरोप

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** प्राथमिक शिक्षक संघ ने खंड शिक्षाधिकारी थलीसैंण पर शिक्षकों का उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए ब्लॉक में उप शिक्षाधिकारी के तैनात होने के बावजूद बीईओ को ही उप शिक्षाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिए जाने पर भी सवाल उठाए हैं। पदाधिकारियों ने हाल में निलंबित शिक्षक को बहाल किए जाने और बीईओ से उप शिक्षाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार वापस लेने की मांग की है। उन्होंने मांग पर जल्द ही कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। प्राथमिक शिक्षक संघ पौड़ी के जिलाध्यक्ष मनोज जुगरान ने कहा है कि थलीसैंण में उप शिक्षा अधिकारी कार्यरत होते हुए भी खंड शिक्षा अधिकारी को उप शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया जाना गलत और औचित्यहीन है। उन्होंने आरोप लगाया कि खंड शिक्षा अधिकारी थलीसैंण बीते एक साल से शिक्षकों का उत्पीड़न कर रहे हैं। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षक समस्याओं को लेकर बीईओ गंभीर नहीं है। जिले में शिक्षकों को विशेष अवकाश जितने खाते में जमा है वह देय हो रहें है, लेकिन थलीसैंण में केवल 9 विशेष अवकाश दिए जा रहे हैं। संघ पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि हाल में निलंबित किए गए शिक्षक संजय कुमार पर भी द्वेष भावना से का-र्रवाई की गई है। कहा कि यदि संजय कुमार का निलंबन अविलंब वापस नहीं लिया जाता और विवेक पंवार से उप शिक्षा अधिकारी का कार्यभार नहीं हटाया जाता है तो उग्र आंदोलन के लिए संघ बाध्य होगा। इधर, पौड़ी के मुख्य शिक्षाधिकारी डॉ. आनंद भारद्वाज ने बताया कि शिक्षक का निलंबन नियमानुसार ही किया गया है। थलीसैंण में तैनात उपशिक्षाधिकारी के विरुद्ध कुछ कार्रवाई गतिमान है जिस पर बीईओ थलीसैंण को उप शिक्षाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है।

## पौड़ी में कार्यशाला आज

**पौड़ी** : शहर के जल व ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और यातायात व्यवस्था को लेकर शनिवार को नगर पालिका सभागार में उत्तराखंड प्रशासन अकादमी डा. आरएस टोलिया द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। पालिका के अधिशासी अधिकारी गौरव भसीन ने बताया कि कार्यशाला में शहर के जल, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और यातायात व्यवस्था को लेकर चर्चा की जाएगी।

## नागरिक मंच ने उठाई मांग, जल्द हो लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग का निर्माण

**कोटद्वार** : नागरिक मंच के सदस्यों ने वन एवं पर्यावरण मंत्री सुबोध उनियाल से जल्द से जल्द लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण की मांग की है। कहा कि कोटद्वार की जनता वर्षों से मार्ग निर्माण का इंतजार कर रही है। ऐसे में सरकार को मार्ग निर्माण के लिए गंभीरता से कार्य करना होगा। कोटद्वार पहुंचे वन एवं पर्यावरण मंत्री सुबोध उनियाल को मंच के सदस्यों ने ज्ञापन दिया। कहा कि क्षेत्र की जनता लगातार लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण की मांग उठा रही है। बाजवूद इसके अब तक मार्ग निर्माण कार्य नहीं हो पाया है। ऐसे में शहरवासियों को हरिद्वार, देहरादून जाने के लिए उत्तर प्रदेश से होकर जाना पड़ता है। कहा कि वन अधिनियम 1980 लागू होने से पूर्व उक्त मार्ग का डामरीकरण था। इसके उपरांत वर्ष 2011 से पहले भी मार्ग पर कई कार्य हुए थे। लेकिन, वर्ष 2012 चुनाव आचार संहिता के नाम पर कार्यों पर रोक लगा दी गई। कहा कि एक साजिश के तहत लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग का निर्माण रूकवाया जा रहा है। कहा कि जब राजाजी पार्क की सीमा से सटे हरिद्वार, ऋषिकेश व नेपाली फार्म से देहरादून मार्ग का निर्माण हो सकता है तो फिर लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग का कार्य भी संभव है। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश नैथानी, महासचिव अतुल भट्ट आदि मौजूद रहे।

# रात्रि चौपाल में सुनी समस्याएं, निस्तारण का आश्वासन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** जयहरीखाल ब्लॉक के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय सारी मल्ली में आयोजित रात्रि चौपाल में मुख्यमंत्री के सचिव (ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा, श्रम एवं नियोजन विभाग) मीनाक्षी सुंदरम ने जन समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

चौपाल में ग्रामीणों ने सचिव का ध्यान सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि समस्याओं की ओर आकृष्ट कराते हुए उनके निराकरण की मांग की। सचिव ने कहा कि इस तरह की चौपाल/बहुद्देशीय शिविरों के माध्यम से पूर्व में भी समस्याओं का समाधान किया जाता रहा है। जयहरीखाल व लैंसडौन क्षेत्र में पर्यटन काफी तेजी से बढ़ रहा है और यहां अच्छे होम स्टे व होटल बन चुके हैं।

क्षेत्र में स्थान चयनित कर पॉकेट पार्किंग बनाए जाने की जरूरत है। कहा कि जयहरीखाल में भी डेयरी ग्रोथ सेंटर बनाया जा रहा है। पहाड़ में दुग्ध उत्पादन और लेमनग्रास में बेहतर संभावनाएं हैं। एप्पल मिशन के तहत छोटे-छोटे कलस्टर भी विकसित किए जा रहे हैं। इससे पहले उन्होंने कोटद्वार में बिजनेस इंक्यूवेटर सेंटर का निरीक्षण कर उद्यमियों की समस्याओं की जानकारी ली। साथ ही उदयरामपुर नयाबाद में स्थापित आदर्श मत्स्य तालाब का निरीक्षण किया।

उन्होंने उद्यमी वेद गुसाईं को भविष्य में अन्य योजनाओं से जोड़ने का भरोसा भी दिया। इस अवसर पर सीडीओ अपूर्वा पांडे, एसडीएम लैंसडौन सोहन सिंह सैनी, ब्लाक प्रमुख जयहरीखाल दीपक भंडारी, डीडीओ मनविंदर कौर, मुख्य कृषि अधिकारी अमरेंद्र चौधरी, सीईओ आनंद भारद्वाज, लोनिवि के अधिशासी अभियंता पीएस बिष्ट, स्वजल अधिकारी दीपक रावत, सेवायोजन अधिकारी ममता चौहान नेगी, रेंजर अनुराग जोशी, ग्राम प्रधान नीतू रावत आदि मौजूद रहे।

# आईटीबीपी के इंस्पेक्टर को नम आंखों से दी विदाई

रुद्रपुर : आईटीबीपी के इंस्पेक्टर मदन राज भट्ट का सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। बनबसा शारदा घाट पर आईटीबीवीपी के जवानों ने सलामी दी। चिता को मुखाग्नि पुत्र विनोद भट्ट ने दी। इस दौरान केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अयज भट्ट ने पुष्प चक्र अर्पित किया। शिव कॉलोनी नौगवांठग्गू निवासी आईटीबीपी इंस्पेक्टर मदन राज भट्ट (58) की अमरनाथ यात्रा में ड्यूटी लगी थी। बुधवार रात अमरनाथ यात्रा के बालटाल आधार शिविर के पास वह बेहोश हो गए।



उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। माना जा रहा है कि हृदयगति रुकने से उनकी मौत हुई है। मदन राज वर्तमान में आईटीबीपी की तीन बटालियन बरेली में तैनात थे। उनकी दो माह के लिए अमरनाथ यात्रा में ड्यूटी लगी थी। बरेली से सुबह आईटीबीपी के इंस्पेक्टर का पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटा हुआ शिव कॉलोनी स्थित आवास पर पहुंचा तो वहां कोहराम मच गया। घर पर अंतिम दर्शन के लिए पार्थिव शरीर रखा गया। उसके बाद अंतिम यात्रा बनबसा शारदा घाट के लिए रवाना हुई और उनका सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, हिमांशु बिष्ट, भुवन जोशी, सतीश भट्ट, किशोर जोशी, एसडीएम रविंद्र बिष्ट, एसडीएम टनकपुर सुंदर सिह तोमर आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## साध्वी विभानंद गिरी ने दिए प्रवचन

चम्पावत : देवीधुरा में विश्व कल्याण महायज्ञ जारी है। कार्यक्रम के चौथे दिन हुए धार्मिक अनुष्ठान में चार खाम के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। साध्वी विभानंद गिरी ने प्रवचन दिए। देवीधुरा में चलरहे विश्व कल्याण महायज्ञ में शुक्रवार को हवन और कथा का वाचन किया गया। प्रकाश पांडेय ने कथा का वाचन किया। मुख्य यजमान हीरा बल्लभ जोशी और दिनेश चंद्र जोशी, गहड़वाल खाम के प्रतिनिधि दीपक सिंह बिष्ट परिवर्तन, चम्याल खाम के गंगा सिंह चम्याल, वालिक के नरेश बिष्ट और वीरेन्द्र सिंह लमगड़िया ने पूजा अर्चना की। साध्वी विभानंद गिरी ने प्रवचन दिए।

इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। हिंदू पुरोहित संघ व मां वाराही मंदिर कमेटी अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, मुख्य संरक्षक विनय चम्याल, पवन राणा, नवीन राणा, चंदन बिष्ट, जगदीश सिंग्वाल ने सहयोग दिया। (एजेंसी)



# अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

बागेश्वर : कपकोट थाना पुलिस ने दस बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष कैलाश बिष्ट ने बताया कि गुरुवार को पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान दान सिंह पुत्र दीवान सिंह निवासी ग्राम हरसिला अपनी परचून की दुकान में शराब बेचते धरा गया। उसके पास से 10 बोतल शराब बरामद हुई है। उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 60/21आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। (एजेंसी)

# विदेश भेजने के नाम पर रिश्तेदार ने की 21 लाख की ठगी

रुद्रपुर : एक युवक को विदेश भेजने के नाम पर उसके रिश्तेदार ने 21 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। ग्राम कीरतपुर कल्लूवाला रेहड़ धामपुर निवासी लखविंदर कौर पत्नी दलजीत सिंह शुक्रवार को एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी से उनके कार्यालय में मिली। उसने बताया कि वह अपने रिश्तेदार ग्राम शिवलालपुर काशीपुर निवासी हरजीत सिंह पुत्र महेंद्र सिंह के घर में रहकर पढ़ाई कर रही थी। इस दौरान उसके ससुर कुलविंदर सिंह को उनकी रिश्तेदार आईटीआई काशीपुर निवासी सतविंदर कौर पत्नी परविंदर सिंह ने बताया कि उसका दामाद बलवंत सिंह उर्फ बल्लू पुत्र कुलवंत सिंह लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। उसके



दामाद का काशीपुर में फ्लाई ओवरसीज के नाम से कार्यालय है। जब उसके पति दलजीत सिंह ने अपने मित्र पवनदीप सिंह से फ्लाई ओवरसीज के बारे में जानकारी ली तो उसने बताया कि बलवंत उसका सगा चचेरा साला है और वह बहुत ही अच्छा व्यक्ति है। इस पर वह अपने पति और ससुर के साथ काशीपुर पहुंची। बलवंत के ऑफिस में न मिलने पर पवनदीप सिंह अपनी कार से उन्हें बलवंत के ससुराल वाले घर में ले गया। बलवंत की सास सतविंदर कौर व पवनदीप ने कहा कि बलवंत को रुपये दे देना और किसी कारणवश वीजा नहीं मिलेगा तो रुपये वापस कर देंगे। इस दौरान बलवंत सिंह ने विदेश जाने की पूरी प्रक्रिया समझाते हुए कनाडा भेजने के लिए 27 लाख रुपये खर्च होने की बात कही। उन पर विश्वास कर उन्होंने 21 लाख रुपये दे दिए। बलवंत ने रुपये लेने के बावजूद उसे विदेश नहीं भेजा और संपर्क करने पर वह टालमटोल करता रहा। इस पर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर सतविंदर कौर, बलवंत सिंह उर्फ बल्लू और पवनदीप सिंह पर मुकदमा दर्ज कर लिया था।

## डॉ. मुखर्जी के बलिदान को नहीं भूल सकती जनता

खटीमा : भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंघ के संस्थापक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

राणा प्रताप इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में अजय भट्ट ने कहा कि डॉ. मुखर्जी के बलिदान को हिन्दुस्तान की जनता कभी भूल नहीं सकती। कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर उनके सपनों को साकार किया।

इस दौरान काशपुर जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश जोशी रामू, जिला महामंत्री सतीश गोयल, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु बिष्ट, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, रमेश चंद जोशी, मोहानी पोखरिया, विमला बिष्ट, अमित पांडेय आदि रहे। (एजेंसी)

# भाजपाईयों ने लिया डॉ. मुखर्जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प

रुद्रपुर : ऊधमसिंह नगर में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई। इस दौरान डॉ. मुखर्जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। जिला मुख्यालय पर विधायक शिव अरोरा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांधी पार्क स्थित डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए। विधायक ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संघर्ष के बाद आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। इस दौरान मेयर रामपाल, जिला महामंत्री अमित नारंग, यशपाल घई, वेद ठुकराल, धीरेश गुप्ता, धीरेंद्र मिश्रा, विनय बत्रा, धर्म सिंह, शाहखान, मयंक कक्कड़, गजेंद्र प्रजापति, विवेक सक्सेना, राधेश शर्मा, सुनील ठुकराल, सुरेश शर्मा, मदन दिवाकर, जगदीश विश्वास, आयुष



चिलाना सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं पर मेयर रामपाल सिंह के नेतृत्व में भाजपाइयों ने बूथ संख्या 56 वार्ड संख्या 6 जगतपुरा में डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान पार्षद निमित्त शर्मा, मंडल महामंत्री राधेश शर्मा, शंकर विश्वास, दीपक राय, नेमचंद प्रजापति, पप्पू प्रजापति, उषा रानी, हरिश्चंद्र गाईन, मीरा पद सरदार, प्रदीप सरकार, चंदन प्रजापति, श्यामपद मंडल, सुशांत गोलदार, गोपाल रंग, लकीकांत विश्वास, अमूल्य साना, फुलझड़ी देवी, पूजा मंडल, उषा मंडल आदि रहे। (एजेंसी)

# विकास कार्य के क्रियान्वयन के लिए प्लान तैयार करें अफसर : डीएम

बागेश्वर : जिलाधिकारी ने अनुराधा पाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह 30 सूत्रीय कार्यक्रम के कार्यक्रमों के समयबद्ध एवं गुणवत्ता पूर्ण क्रियान्वयन के लिए रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जनपद की आवश्यकता एवं संभावना के दृष्टिगत औचित्यपूर्ण लक्ष्य निर्धारित कर लक्ष्य प्राप्ति के क्रियांन्वयन के लिए प्लान तैयार करें। विकास भवन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक लेते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न विकास कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए शासन द्वारा 30 सूत्रीय कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने जिला पर्यटन अधिकारी को ईको टूरिज्म स्थलों का डाक्यूमैंटेशन तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने निकायों के अधिशासी अधिकारियों को गीला एवं सूखा कूड़ा अलग-अलग उठाने व डंप



की व्यवस्था करने के साथ ही प्रतिदिन एकत्रित कूड़े का डाटा तैयार करने को कहा। ग्रामीण क्षेत्रों में इस व्यवस्था के लिए अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत व जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देशित किया गया। उन्होंने सभी विभागों को सरकारी परिसंपत्तियों पंजिकाओं की डिजिटल इन्वेटरी तैयार करने को कहा। सड़क महकमे के अधिकारियों को मोटर मार्गों को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग तथा नगर निकायों को पार्किंग विकास के लिए तैयार की जा रही डीपीआर में तेजी लाने, छोटी-छोटी पार्किंग चिन्हीकरण कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा पर्वतीय, ग्रामीण अंचलों में ताम्र व कीवी उद्योग के अलावा औद्यानिकी एवं प्रसंस्करण आधारित एमएसएमई परियोजना विस्तारीकरण पर महाप्रबंधक उद्योग व उद्यान अधिकारी आवश्यक कार्यवाही करें। आयुष विद्या को प्रोत्साहित करने के लिए आयुर्वेदिक अधिकारी को निर्देश दिए। छात्रों के लिए विकासखंडों व बसावट वाले कस्बों में पुस्तकालय स्थापना के लिए मुख्य शिक्षा अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सौर ऊर्जा के बेहतर एवं वैकल्पिक प्रयोग को बढ़ाने के लिए प्लानिंग करने के निर्देश पर परियोजना अधिकारी उरेडा को दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी चंद्र सिंह इमलाल, परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, उप जिलाधिकारी हरगिरी, राजकुमार पांडे, मोनिका, पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर चंद्रा मौजूद रहे। (एजेंसी)

## संदिग्ध पदार्थ के सेवन से व्यक्ति की मौत

चम्पावत : चम्पावत जिले में एक अधेड़ ने संदिग्ध हालात में विषाक्त पदार्थ गटक लिया। अस्पताल में उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक धौन गांव निवासी 52 वर्षीय कृष्णानंद पुत्र बची राम ने शुक्रवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। इससे उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन आनन-फानन में उन्हें निजी अस्पताल में ले गए। जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। कृष्णानंद के आत्मघाती कदम उठाने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं लग सका है। कोतवाल योगेश उपाध्याय ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। इसके बाद ही घटना का पता लग सकेगा। (एजेंसी)

# गुफा में घुसा नेपाली युवक, मौत

बागेश्वर : कोतवाली पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत एक नेपाली युवक साही का पीछा करते हुए एक गुफा में घुस गया, लेकिन अंदर जाकर वह बाहर नहीं आ पाया। अंदर जाते हुए उसे उसके साथियों ने देख लिया। उन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय भरत बूड़ा पुत्र बिरकी बूड़ा निवासी बैलेख वार्ड नंबर तीन नगरपालिका दुलू नेपाल यहां दुग नाकुरी तहसील के रीमा क्षेत्र में खड़िया खनन कार्य करता था। यहां 15 जून के बाद खनन कार्य बंद हो गया। वह अन्य काम की तलाश में दो दिन पहले साथियों के साथ बागेश्वर के पौडीबेंड चौगांवछीना क्षेत्र में पहुंचा। महादेव गुफा के पास उन्होंने टेंट लगाया। गुरुवार शाम भरत साथियों के साथ लकड़ी बीनने जंगल में गया था। इसी दौरान उसकी नजर एक जंगली जानवर साही पर पड़ी। उसका शिकार करने के लिए वह उसके पीछे दौड़ा। जान बचाने के लिए साही गुफा की ओर चला गया। लालच में आया युवक भी गुफा में चला गया। लकड़ी बीनने गए अन्य साथियों ने उसे अंदर जाते देख लिया। काफी देर तक जब वह बाहर नहीं आया तो उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी।

सूचना के बाद चिता मोबाइल की टीम के गिरीश बजेली मौके पर पहुंचे। इसके बाद नेपाली मजदूरों ने रेस्क्यू अभियान चलाया।

# अधिवक्ता के घर में लगी आग, लाखों का नुकसान

रुद्रपुर : शॉट सर्किट से अधिवक्ता के घर में आग लग गई। फायर कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग से घर का सामान जलकर राख हो गया। शुक्रवार दोपहर अधिवक्ता एमएल विश्वकर्मा जरूरी काम से घर से बाहर गए थे। इस दौरान उनके बच्चे घर पर थे। कुछ देर बाद उन्हें फोन आया कि घर में आग लग गई है। जब तक वह घर पहुंचे, तब तक आग फैल गई थी। मोहल्ले के लोगों की भीड़ जमा होने के साथ ही आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए गए। फायर ब्रिगेड की टीम सूचना मिलते ही पहुंच गई और आग बुझाने में जुट गई। एक गाड़ी का पानी समाप्त होने पर दूसरी गाड़ी मंगाई गई, तब जाकर आग पर काबू पाया गया। अधिवक्ता विश्वकर्मा ने बताया कि आग शॉट सर्किट होने की वजह से लगी है। आग से फ्रीज, टीवी, सोफा और घरेलू सामान जल गया है। आग इतनी भीषण थी कि दीवार में लगी टाइल्स भी गर्मी से गिरने लगीं। उन्होंने बताया कि आग से लाखों का नुकसान हुआ है। (एजेंसी)



## भाजपा ने जनसंघ के संस्थापक मुखर्जी को किया याद

पिथौरागढ़।भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुण्यतिथि पर याद किया। इस दौरान उन्होंने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके कार्यों का स्मरण किया गया।शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी की अध्यक्षता में मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। उन्होंने कहा मुखर्जी के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। उन्होंने पार्टी को स्थापित कर हमें संगठन के जो मंत्र दिए उसे हमें आत्मसात करना होगा।

# आधार केन्द्रों के बाहर रेट लिस्ट जरूर लगाएं: जिलाधिकारी

अल्मोड़ा। जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग समिति की बैठक जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जो प्रस्तावित आधार केन्द्र खुलने हैं उन्हें जल्दी संचालित किया जाय। इस दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित आधार केन्द्रों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में पंजीकृत आधार केन्द्र संचालित हो रहे हैं उन क्षेत्रों में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी व जिला स्तरीय अधिकारी समय-समय पर उन



केन्द्रों का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि संचालित आधार केन्द्रों के बाहर रेट लिस्ट अवश्य रूप से चस्पा की जाय। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जिन क्षेत्रों में अधिक लोगों के आधार अपडेट कार्य होने है उन क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए आधार कैम्प लगाना सुनिश्चित करें।

इस दौरान आधार केंद्र रहित क्षेत्रों को सम्मिलित करते हुए अतिरिक्त आधार पंजीकरण एवं अद्यावधिक आधार केंद्र संचालन एवं विभिन्न प्रकरणों पर चर्चा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन व्यक्तियों के आधार बने 10 वर्ष पूर्ण हो गए हों, उनके आधार अपडेट करवाने के लिए उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी बीडीसी बैठकों में जनप्रतिनिधियों सहित प्रचार वाहनों के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाय।

# कोई भी पिछड़ा वर्ग मतदाता सर्वेक्षण में वंचित न रहे: वर्मा

अल्मोड़ा। एकल समर्पित आयोग के अध्यक्ष बी एस वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में नगर पालिका क्षेत्र, नगर पंचायत एवं विकास खण्ड स्तर पर अन्य पिछड़े वर्ग के सर्वेक्षण की कार्यवाही के परिप्रेक्ष्य में जनसुनवाई बैठक आयोजित हुई। एकल समर्पित आयोग के अध्यक्ष ने जनसुनवाई बैठक में विभागीय अधिकारियों द्वारा नगर निगम क्षेत्र में अन्य पिछडे वर्ग के सर्वेक्षण कार्यवाही के प्रकरण में निर्वाचित प्रतिनिधियों एवं अन्य हितबद्ध जन सामान्य के साथ नगर पालिका



अल्मोड़ा, चिलियानौला रानीखेत, नगर पंचायत भिकियासैंण, द्वाराहाट एवं चौखुटिया में अन्य पिछड़ा वर्ग के सर्वेक्षण के सम्बन्ध में विस्तृत विचार विमर्श किया गया। अध्यक्ष ने कहा कि जो स्थानीय निकायों, नगरपालिकाओं, जिला पंचायत के जो चुनाव होने हैं, इन चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग का कितना प्रतिशत आरक्षण होगा, इस आधार पर सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयोग जिला स्तर पर जाकर आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी इस बात पर विशेष ध्यान दें कि कोई भी पिछड़ा वर्ग मतदाता इस सर्वेक्षण में वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि अगर कोई परिवार सर्वेक्षण कार्य में छूट गया है तो उसका नाम अवश्य रूप से जोड़ा जाय।

## ट्रक से सामान गायब करने वाले चालक सहित तीन गिरफ्तार

रुद्रपुर : पुलिस ने ट्रक से कंपनी का सामान गायब करने वाले चालक व उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही गायब सामान भी बरामद कर लिया है। ट्रांसपोर्टर लक्खा सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 15 जून को उनके ट्रक में सितारगंज की कंपनी से सामान भरकर चालक रुद्रपुर के वेयरहाउस में ले जा रहा था। रास्ते में ट्रक के चालक फिरासत अली निवासी ग्राम नयागांव ने करीब 45 हजार का सामान गायब कर दिया था।

# पिथौरागढ़ में बारिश से 12 सड़कें बंद, लोग परेशान

पिथौरागढ़। मानसून की दस्तक से पहले जनपद में झमाझम बारिश हुई। इससे जहां घाटी वाले क्षेत्रों के लोगों के गर्मी से राहत मिली। वहीं, जंगलों में लगी आग भी शांत हो गई है।

जिससे वन विभाग को काफी राहत मिली है। बारिश के बाद जनपद में तवाघाट-लिपूलेख एनएच समेत 12 सड़कें भी मलबा आने से बंद हो गई हैं। जनपद में पिछले 24 घंटे से मौसम अपना रंग बदलता रहा है। जिला मुख्यालय और उसके आसपास के क्षेत्रों में 13 एमएम बारिश हुई है। डीडीहाट में सर्वाधिक 78.7 एमएम बारिश हुई। इससे यहां के नदी-नाले उफना गए। नगर की सड़कों में भी नालियों का पानी बहने लगा। धारचूला ओर उससे सटे कालिका, बलुवाकोट, जौलजीबी में 21 एमएम से अधिक बारिश दर्ज की गई। इन क्षेत्रों में बारिश के बाद कई सड़कें बंद हो गई हैं। मुनस्यारी में 6.2 एमएम से अधिक बारिश हुई है। बेरीनाग में तड़के भी बारिश हुई। यहां 4.7 एमएम बारिश के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली है। चौकोड़ी और पाताल भुवनेश्वर के दर्शनों को आए पर्यटकों ने भी बारिश का जमकर आनंद लिया।

40 हजार से अधिक की आबादी सड़क बंद रहने से परेशान

पिथौरागढ़। मानसून के पहुंचने से पहले हो रही बारिश में जिले के एक एनएच के साथ 12 आतंरिक सड़कों के बंद हो जाने से लोगों को परेशानी हो रही है। इन सड़कों के बंद रहने से 40 हजार से अधिक की आबादी को दिक्कत झेलनी पड़ रही है। सड़कों के बंद रहने से लोगों के लिए ग्रामीण उत्पाद बाजार तक पहुंचाने भी कठिन हो गया है।

# युवा लोग उद्यमिता और स्टार्टअप के क्षेत्र में आने से कतराते हैं

श्रीनगर गढ़वाल : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), उत्तराखंड में राज्य के विद्यालयी छात्रों में उद्यमिता की संस्कृति और मानसिकता विकसित करने के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल टीचर्स ट्रेनिंग एंड रिसर्च (एनआईटीटीटीआर), चंडीगढ़ के उद्यमिता और ग्रामीण विकास केंद्र के सहयोग से उद्यमशीलता की भावना का ज्ञानवर्धन विषय पर पांच दिवसीय बूटकैंप प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एनआईटी के निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने कहा कि विचार की उत्पत्ति और वास्तविकता में बदलने के लिए उस विचार को एक व्यावसायिक मॉडल में विकसित करना ही उद्यमिता है। प्रो. अवस्थी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का यह अथक प्रयास है कि राज्य के युवा उद्यमिता और स्टार्टअप के क्षेत्रों में आगे आऐं। स्टार्टअप और इच्छुक उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार ने सीड फंडिंग का भी प्रावधान रखा है, फिर भी युवा लोग उद्यमिता और स्टार्टअप के क्षेत्र में आने से कतराते हैं जबकि उच्च भुगतान वाली नौकरियों के प्रति उनका रुझान ज्यादा है। एचआईआईएमएस अस्पताल के आईपीडी प्रमुख डा. अनु भारद्वाज व एनआईटीटीटीआर चंडीगढ़ के चेतन सहोरे ने प्रशिक्षण शिविर का संक्षिप्त विवरण दिया।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर दुकानों में घुसा, हादसा टला

उत्तरकाशी : मोरी ब्लॉक के नैटवाड़ बाजार में शुक्रवार को एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर दुकानों में घुस गया। गनीमत रही कि दुकान के अंदर बैठे लोग भाग गए। नहीं तो बड़ा हादसा होता। लेकिन दुकानों को काफी नुकसान पहुंचा है। शुक्रवार को एक ट्रैक्टर सांरी से नैटवड़ की ओर आ रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर के ब्रेक फेल हो गए और वह सीधे दुकानों के अंदर जा घुसा। इससे नैटवाड़ बाजार में स्थित इंडियन गैस गोदाम एवं अन्य दुकानों के अंदर जा घुसा, जिससे दुकानें क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में किसी के हताहात होने की सूचना नहीं है।

# डॉ. मुखर्जी की पुण्य तिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया

रूद्रप्रयाग : जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य स्मृति को भारतीय जनता पार्टी ने बलिदान दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर मुख्यालय सहित सभी मंडलों एवं मंडलों के हर बूथों पर उनकी स्मृति को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया।

जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर पंवार ने दीप प्रज्वलित करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। पंवार ने कहा कि भारतीय संस्कृति के नक्षत्र अखिल भारतीय जनसंघ के संस्थापक राजनीति व शिक्षा के क्षेत्र में सुविख्यात डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने विचारों और सिद्धांतों से देश की राजनीति में उच्च आदर्श स्थापित किए। उनका संपूर्ण जीवन देश की एकता और देशवासियों के कल्याण के लिए समर्पित रहा। इस दौरान रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने जखोली मंडल में मयाली बूथ पर उनके चित्र पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि वह प्रखर राष्ट्रवादी थे। डॉ. मुखर्जी अखंड और एक भारत के लिए कश्मीर को देश की मुख्यधारा में लाना चाहते थे, उनका एक देश एक विधान बनाने का सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 को हटाने पर साकार किया है।

इस मौके पर जिला महामंत्री भारत भूषण भट्ट, विनोद देवशाली, अध्यक्ष जिला पंचायत अमरदेई शाह, कार्यक्रम के केदारनाथ विधानसभा के संयोजक मातबर बिष्ट, रुद्रप्रयाग विधानसभा के संयोजक ओमप्रकाश बहुगुणा, चन्द्र मोहन सेमवाल, अजय सेमवाल, अरुण कप्रवान, सुरेन्द्र जोशी, लक्ष्मण कप्रवान, जिला मीडिया प्रभारी सतेन्द्र बर्त्वाल, बुद्धि बल्लभ थपलियाल, शालिनी गोस्वामी, मंजू आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथों पर कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। (एजेंसी)

# पर्यटक ठांगधार कौड़िया के जंगलों में उठा रहे जंगल सफारी और साइकिलिंग का लुत्फ

टिहरी : मैदानी क्षेत्रों में चिलचिलाती भीषण गर्मी से राहत पाने और बच्चों की गर्मियों की छुट्टियों का लुत्फ उठाने के लिए सैलानी बड़ी संख्या में पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। मसूरी, धनोल्टी, काणाताल, सुरकंडा देवी, टिहरी झील के साथ-साथ वन विभाग के ठांगधार कौड़िया के जंगल और इको पार्क पर्यटक के लिये हॉट स्पाट बना हुआ है। बड़ी संख्या में पर्यटक यहां जंगल सफारी और साइकिलिंग का आनंद उठा रहे हैं, पर्यटकों को यहां का शांत वातावरण खूब भा रहा है। टिहरी वन विभाग ने बीते वर्ष ठांगधार-कौड़िया में साइकिल ट्रैकिंग का करीब चार किमी. लंबा ट्रैक शुरू किया, विभाग की ओर से यहां 50 साइकिल लगा रखी हैं। विभाग ने चार, तीन और दो किमी. का ट्रैक ठांगधार पार्क में भी तैयार किया है, जिस पर बड़ी संख्या में पर्यटक साइकिलिंग के लिए पहुंच रहे हैं। विभाग को एक साइकिल से तीन सौ रुपये का राजस्व मिल रहा है। ठांगधार से कौड़िया तक करीब आठ किमी. लंबे ट्रैक पर पर्यटकों को जंगल सफारी कराई जा रही है, जिसमें स्थानीय लोगों द्वारा करीब 20 मारूति जिप्सी लगाई गई हैं। पर्यटकों से 2200 रूपये शुल्क लेकर उन्हें ठांगधार, कौड़िया और अगान महादेव तक की जंगल सफारी कराई जाती है। वन विभाग को प्रत्येक जिप्सी से एक चक्कर में 500 रुपये का राजस्व प्राप्त होता है। एक साल के भीतर वन विभाग को करीब डेढ़ लाख रूपये का राजस्व मिला है। कौड़िया के जंगल में बांज, बुरांस, देवदार, जंगली पीपल, भमोरा, काफल के साथ कई प्रकार के पेड़ों की प्रजाति के साथ विभिन्न किस्म के फूल और जड़ी बूटियों के पौधे हैं। मसूरी, धनोल्टी, काणाताल, टिहरी झील के साथ–साथ पर्यटन नए अनुभव के लिए बड़ी संख्या में ठांगधार–कौड़िया ट्रैक पर साइकिलिंग और जंगल सफारी का लुत्फ उठा रहे हैं। वन विभाग के अनुभाग अधिकारी अजयपाल पंवार ने बताया कि गर्मियों में ठांगधार–कौड़िया ट्रैक पर जंगल सफारी और साइकिलिंग के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहें हैं। वीकेंड पर भारी भीड़ होने के कारण पर्यटकों को कई घंटों तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार और विभाग को राजस्व भी प्राप्त हो रहा है। (एजेंसी)

## सरकार पलयान रोकने को उठाएं ठोस कदम

टिहरी : प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष रविन्द्र सिंह राणा ने सीएम को ज्ञापन प्रेषित कर प्रदेश में पलायन रोकने एवं प्रदेशवासियों को सशक्त करने की मांग की है।

अध्यक्ष ने कहा कि सरकार को प्रत्येक परिवार से एक व्यक्ति को नौकरी देने, भू-कानून में सुधार, राज्य में सरकारी नौकरियों में मूल निवासी आधार 1950 व 80 प्रतिशत नौकरियां केवल प्रदेश के मूल निवासियों को दिए जाने को लेकर कदम उठाना चाहिए। कहा कि सरकार की ओर से साल 2018 में भू-कानून में किया गया बदलाव भी प्रदेश की जनता के हित में नहीं है। सरकार आंचल डेरी के मॉडल पर ही मशरूम, औषधीय पौधों, इत्यादि को स्वयं एक सरकारी कंपनी के माध्यम से उत्पादित कर सकती है। (एजेंसी

## वन विभाग ने आबकी गांव में लगाया पिंजरा

टिहरी : बीते बुधवार की रात करीब नौ बजे अपने घर के आंगन में अपने पोता-पोती वैष्णवी और रियांश के साथ टहल रही प्रतापनगर आबकी गांव की 58 वर्षीय चंद्रमा देवी पर गुलदार ने हमला कर घायल कर दिया था। उनका इलाज हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट देहरादून में चल रहा है।

गुरुवार को गांव में वन विभाग की ओर से गुलदार की लोकेशन ट्रेस करने के लिये दो ट्रैप कैमरे लगाये थे, लेकिन गुलदार ट्रैप कैमरों से ट्रेस नहीं हो पाया। शुक्रवार को वन विभाग की टीम ने प्रतापनगर एसडीएम प्रेमलाल की अगुवाई में गांव के पास गुलदार को पकड़ने के लिये पिंजरा लगाया है।

गुलदार के महिला पर हमला करने से आबकी गांव सहित आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल बना है। उधर रेंज अधिकारी मुकेश रतूड़ी ने बताया कि गांव में गुलदार को पकड़ने के लिये पिंजरा लगाया गया है, साथ ही वन विभाग की गश्ती टीम भी तैनात की गई है। लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की जा रही है। (एजेंसी)

# खच्चर को सिगरेट पिलाने मामले में संचालक पर मुकदमा दर्ज

रूद्रप्रयाग : सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए खच्चर संचालक के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। खच्चर संचालक द्वारा लिंचौली के पास अपने खच्चर की नासिका में सिगरेट रखते हुए जबरन सिगरेट पिलाई गई।जानकारी के अनुसार केदारनाथ यात्रा में 16 किमी. पैदल मार्ग में एक खच्चर संचालक द्वारा पशु क्रूरता को लेकर अजीबो गरीब हरकत की गई। एक ओर घोड़े-खच्चर कठिन मार्ग में थक जा रहे हैं, दूसरी ओर एक व्यक्ति द्वारा पैदल मार्ग में अपने खच्चर की नासिका में सिगरेट रखी गई, जबकि उसका मुंह बंद कर दिया गया। साथ ही उसे जबरन सिगरेट पिलाई गई। इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए वीडियो की सत्यता की जांच की। पुलिस ने कुछ दिनों से सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर दो अलग-अलग वीडियो की पड़ताल की। इनमें से एक वीडियो जनपद रुद्रप्रयाग के केदारनाथ यात्रा के पैदल मार्ग के भीमबली के ऊपर छोटी लैंचोली स्थित थारू कैंप का होना पाया गया। इस संबंध में केदारनाथ यात्रा के सुव्यवस्थित संचालन के लिए जिला प्रशासन के स्तर से नियुक्त किए गए सेक्टर अधिकारी द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर संबंधित खच्चर संचालक पर कार्रवाई की गई। खच्चर संचालक के खिलाफ पुलिस ने भादसं और पशु क्रूरता अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे ने बताया कि इस वर्ष के यात्राकाल में जनपद पुलिस द्वारा अश्ववंशीय पशुओं के साथ हो रही क्रूरता को लेकर कुल 14 मुकदमे दर्ज किए गए हैं। कहा कि जनपद पुलिस न केवल मानव जीवन अपितु पशुओं के प्रति होने वाली क्रूरता के प्रति भी पूरी तरह संवेदनशील है। (एजेंसी)

# तांदी और रास नृत्य प्राचीन संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग : नौटियाल

उत्तरकाशी : श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन कथा व्यास संत शिव प्रसाद नौटियाल शास्त्री ने श्रीकृष्ण और गोपियों की रास लीला कथा का वर्णन किया। साथ ही रास और तांदी नृत्य का महत्व बताया। कहा कि तांदी और रास नृत्य हमारी प्राचीन संस्कृति का मत्वपूर्ण अंग है, इसे संजोकर रखे। कथा में श्रीकृष्ण और गोपियों के बिछुड़ने का वर्णन करते हुए व्यास पीठ पर विराजमान शास्त्री अेर कथा स्त्रोता भी भावुक हो उठे।

सरनौल गांव के माता रेणुका मंदिर प्रांगण में स्व. श्री हरिकृष्ण सेमवाल की पुण्य स्मृति में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। भागवत कथा के छठे दिन कथा वक्ता नौटियाल ने भगवान श्रीकृष्ण और विदुर की कथा सुनाते हुए प्रेम की महत्वता को बताया। कहा कि सबसे ऊंची प्रेम सगाई, दुर्योधन के मेवा त्यागे साग विदुर घर खायो। कथा आयोजकों में भरोसी पत्नी स्व. हरिकृष्ण सेमवाल, राजेन्द्र सेमवाल शास्त्री, द्वारिका सेमवाल, अनिल सेमवाल, सुशील सेमवाल, मरकंडी सेमवाल, मनोज सेमवाल, सुनीता सेमवाल, मीरा सेमवाल, सुषमा सेमवाल, अनुजा सेमवाल, सारदा देवी, पुष्पा सेमवाल, संगीता सेमवाल, अंजना डिमरी, संतोषी नौटियाल, कुलवंती लोहनी, पूनम नौटियाल सहित सरनौल ग्रामवासियों ने कथा श्रवण करने पहुंचे सभी श्रद्धालुओं का स्वागत कर आभार प्रकट किया। कथा श्रवण में गोविंदराम नौटियाल, शेखर नौटियाल, बलवीर राणा, शक्ति सेमवाल, देवेंद्र दत्त बडोनी, प्रकाश डोभाल, जब्बर रावत, वीरेंद्र रावत, नत्था सिंह राणा, गोविंदराम उनियाल, कृष्णा राणा, प्रकाश उनियाल, राजेश उनियाल, रोहित राणा, जयप्रकाश सेमवाल, प्रदीप सेमवाल, अनिल लोहनी, मोहन राणा, जयदेव रावत, बलेन्द्र सिंह चौहान, सहित बड़ी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालु उपस्थित रहे। (एजेंसी)

# कालेश्वर मिनी उद्योग केंद्र की सड़क बदहाल, उद्यमी चिंतित

चमोली : विकासखंड के मिनी उद्योग केंद्र कालेश्वर (जयकंडी) को जोड़ने वाली सड़क बदहाल है। यही नहीं यहां जल निकास की व्यवस्था न होने से उद्यमी चिंतित हैं। उद्यमियों का कहना है कि कई बार बैठक और निरीक्षण के बावजूद समस्या का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। ऐसे में बरसात में उद्योग क्षेत्र में जलभराव से नुकसान हो सकता है।

मिनी उद्योग केंद्र के उद्यमी बीर सिंह कंडारी, भगत सिंह रावत, ईश्वरी प्रसाद मैखुरी, सहित अन्य का कहना है कि ऑलवेदर रोड़ निर्माण के दौरान एनएच का ट्रेफिक उद्योग परिक्षेत्र की सड़क से डायवर्ट किया गया था। लेकिन ऑलवेदर रोड बनने के बाद एनएच ने इस सड़क की मरम्मत नहीं की। जबकि लगातार ट्रेफिक के चलते यह सड़क पूरी तरह खराब हो चुकी है। यही नहीं ऑलवेदर सड़क का मलबा उद्योग परिक्षेत्र के चारों ओर डाला गया है। साथ ही परिक्षेत्र के ठीक ऊपर स्क्रबर का निर्माण कर दिया गया है। ऐसे में जंगल, सड़क और गदेरे का पानी का रूख सीधे परिक्षेत्र की ओर है। जबकि परिक्षेत्र के चारों ओर मलबा होने से निकास की व्यवस्था नहीं है। उद्यमियों की अधिकारियों के साथ हुई बैठक में कहा गया कि साल 2020 में यहां जलभराव हुआ जिससे भारी नुकसान हुआ। जिसका मुआवजा आज तक नहीं दिया गया। ऐसे में बरसात शुरू होने वाली है। यदि जल्द समस्या का हल नहीं निकला तो समस्या बढ़ सकती है। वहीं तहसीलदार सुरेंद्र सिंह देव ने बताया कि उद्यमियों से वार्ता की गई।


G20 | उत्तर रेलवे | आज़ादी का अमृत महोत्सव

## निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे मुरादाबाद–244001 द्वारा समरणकर्ताओं से निम्नलिखित मद के लिए इलेक्ट्रोनिक निविदा प्रणाली के अर्न्तगत मण्डार की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | माल का विवरण | मात्रा | बयाना राशि | अनुमानित मूल्य रू. | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 97235201 | मल्टी सेक्शन डिजिटल की केंद्रीय मूल्यांकनकर्ता इकाई के लिए रिले ड्राइव कार्ड आरडीएसओ विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/एसपीएन/176/2013 के अनुसार एक्सल काउंटर सिस्टम या नवीनतम मात्रा-10 नग केंद्रीय मूल्यांकनकर्ता के लिए कॉन्फिगरेशन कार्ड आरडीएसओ के अनुसार मल्टी सेक्टोन डिजिटल एक्सल काउंटर सिस्टम की इकाई विशिष्टता. नंबर आरडीएसओ/एसपीएन/176/2013 या नवीनतम मात्रा-10 नग आयोजन मल्टी सेक्टर डिजिटल एक्सल के केंद्रीय मूल्यांकनकर्ता के लिए लॉगर कार्ड आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार काउंटर सिस्टम। नं. RDSO/SPN/176/2013 या नवीनतम। मात्रा-10 नग मल्टी के लिए पावर और डेटा कपलिंग यूनिट (पीडीसीयू)। आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार सेकटन डिजिटल एक्सल काउंटर सिस्टम नंबर आरडीएसओ/एसपीएन/176/2013 या नवीनतम। मात्रा-10 नग सर्ज अरेस्टर आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार मल्टी सेक्टोन डिजिटल एक्सल काउंटर सिस्टम के लिए नंबर आरडीएसओ/एसपीएन/176/2013 या नवीनतम। मात्रा-10 नग एसएम पैनल कार्ड (आपूर्ति) आरडीएसओ के अनुसार मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर सिस्टम के लिए spec. No. RDSO/SPN/176/2013 या नवीनतम। मात्रा-10 नग. एसएम पैनल मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर सिस्टम के लिए कार्ड (8 ch. रीसेट)। प्रति RDSO spec. No. RDSO/SPN/176/2013 या नवीनतम। मात्रा-10 नग. मल्टी सेक्शन डिजिटल की फील्ड यूनिट के लिए डुअल माइक्रो कंट्रोलर लॉजिक कार्ड आरडीएसओ विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/एसपीएन/176/2013 के अनुसार एक्सल काउंटर सिस्टम या नवीनतम। मात्रा-10 नग | 1 सेट | 87040/- | 4351840/- | 22-07-2023 |
| 2. | 97235200 | सेंट्रल के लिए मूल्यांकनकर्ता कार्ड (ईएमओ8)। मल्टी सेक्शन डिजिटल की मूल्यांकनकर्ता इकाई आरडीएसओ के अनुसार एक्सल काउंटर सिस्टम विशिष्टता. नं. RDSO/SPN/176/2013 या नवीनतम। मात्रा-10 नग. द्वारा निरीक्षण आरडीएसओ. उच्च वोल्टेज डीसी–डीसी कनवर्टर 24 वीडीसी को परिवर्तित करने के लिए मॉड्यूल डीसी 210 मल्टी सेक्टोन डिजिटल एक्सल के 96 वीडीसी तक आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार काउंटर सिस्टम। नंबर आरडीएसओ/एसपीएन/176/2013 या नवीनतम। मात्रा-10 नग. द्वारा निरीक्षण परीक्षण की प्राप्ति के बाद परेषिती का प्रमाण पत्र और गारंटी प्रमाण पत्र OEM | 1 सेट | 87890 | 4394398.67 | 22-07-2023 |
| 3. | 97235198 | विशिष्टता संख्या आरडीएसओ/एसपीएन/177/2012 संस्करण के डिजिटल एक्सल काउंटर सिंगल सेक्शन (एसएसडीएसी) की आपूर्ति। आरडीएसओ द्वारा '3' निरीक्षण | 5 सेट | 58670 | 2933283.35 | 22-07-2023 |
| 4. | 97235147 | यूनिवर्सल की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग सिंगल लाइन के लिए फेल सेफ ब्लॉक इंस्ट्रूमेंट (यूएफएसबीआई)। नवीनतम के साथ आरडीएसओ एसपीएन संख्या आईआरएसः एस–105/2012 के अनुसार संचालन वीईआर और एएमडीटी प्रत्येक सेट में निम्नलिखित शामिल हैं: सिंगल लाइन के लिए यूनिवर्सल फेल सेफ ब्लॉक इंटर फेस प्रति आरडीएसओ एसपीएन संख्या आईआरएसः एस 104/2012 नवीनतम संस्करण के साथ और संशोधन. इसमें ऑटो चेंज ओवर शामिल होगा क्वाड और ओएफसी कार्य करने की सुविधा। आवश्यक मॉडेम क्वाड और ओएफसी के लिए ऑटो के साथ आपूर्ति की जानी चाहिए परिवर्तन की व्यवस्था मात्रा-02 संख्या ब्लॉक पैनल आरडीएसओ डीआरजी संख्या के अनुसार सभी सहायक उपकरणों के साथ पूर्ण नवीनतम एएमडीटी के साथ आरडीएसओ/एस/32017। मात्रा–02 रिले रैक दोहरी लॉकिंग और सीलिंग व्यवस्था के अनुसार प्रत्येक के लिए रिले सहित आरडीएसओ डीआरजी संख्या आरडीएसओ/एस/32018 रिले रैक (क्यूएनआई–22 नंबर, क्यूएनएआई 06 नंबर, क्यूएलआई–02 नंबर, और टाइमर–01 संख्या)। मात्रा-02 नंबर के साथ टेलीफोन को ब्लॉक करें आरडीएसओ एसपीएन आरडीएसओ/एसपीएन/191/2006 के अनुसार सहायक उपकरण ब्लॉक फोन बिना किसी रुकावट के काम करना चाहिए स्वतः परिवर्तन के बाद)। मात्रा-02 संख्या की आपूर्ति यूएफएसबीआई के साथ काम करने के लिए उपयुक्त विश्वसनीयता सुधार किट आरडीएसओ/एसपीएन/147/2005 या नवीनतम के अनुसार। यह शामिल है (i) स्वचालित मीडिया पर काम करने वाले मॉडेम का परिवर्तन डेटा ट्रांसमिशन के लिए अनावश्यक चैनल ओएफसी/क्वाड/माइक्रोवेव रेडियो (कोई दो मीडिया)–01 जोड़ी (ii) सेकेंडरी के साथ उपयोग के लिए यूएफएसबीआई के लिए सेकेंडरी मॉडेम मीडिया ओएफसी/क्वाड 01 जोड़ी (iii) टाइप सी और डी पावर लाइन (वीएफ24 एसी/डीसी–02 नंबर, वी20सी/3पीएच 150 वी–02 नंबर) और डेटा लाइन एसपीडी (4 पीएम 4डी/5टी–02 नंबर) एक जोड़ी यूएफएसबीआई–01 के साथ काम करने के लिए उपयुक्त सेट (iv) पावर मॉनिटर और सॉफ्ट स्टार्ट यूनिट पीएमएसएस–01 जोड़ी। स्थापना और कमीशनिंग सहित। बोली लगाने वाले को जमा करना होगा आपूर्ति और स्थापना शुल्क अलग से। आरडीएसओ द्वारा निरीक्षण | 15 सेट | 364410 | 18220450.05 | 30-06-2023 |
| 5. | 97235150 | (1) यूएफएसबीआई के साथ काम करने के लिए उपयुक्त विश्वसनीयता सुधार किट की आपूर्ति डेल्ट्रॉन आरडीएसओ/एसपीएन/147/2005 या नवीनतम के अनुसार बनाते हैं। इसमें शामिल है निम्नलिखित चीजें। (ए) काम करने वाले मॉडेम का स्वचालित मीडिया परिवर्तन ओएफसी/क्वाड/माइक्रोवेव के डेटा ट्रांसमिशन के लिए अनावश्यक चैनल रेडियो (कोई भी 2 मीडिया) = 1 जोड़ी (बी) यूएफएसबीआई के लिए सेकेंडरी मॉडेम (उपयोग के लिए)। द्वितीयक मीडिया OFC/Qoad = 1 जोड़ी के साथ। (सी) टाइप सी एंड डी पावर लाइन (वीएफ 24 एसी/डीसी–02 नग। और V20C/3PH 150V–2 नग) और डेटा लाइन SPD (MPD) \| 4D/5T - 2nos) जिसमें 1 जोड़ी UFSBI=1 सेट के साथ काम करने के लिए उपयुक्त है (d) पावर मॉनिटर और सॉफ्ट स्टार यूनिट (पीएमएसएस) = 1 जोड़ी। 2. स्थापना एवं काम करने के लिए उपयुक्त विश्वसनीयता सुधार किट की कमीशनिंग यूएफएसबीआई 3. मीडिया चेंजओवर स्विच के लिए इंडिकेशन बॉक्स की आपूर्ति यूएफएसबीआई की विश्वसनीयता और उपलब्धता में सुधार। आपका प्रस्तावः स्वयं ब्रांड 4. एलसीबी संकेत प्रावधान और सर्किट परिवर्तन (रिले वायरिंग सामग्री होगी रेलवे द्वारा दिया जाएगा) एलईडी एवं लेबर का कार्य फर्म द्वारा किया जाएगा। सामग्री की आपूर्ति ओईएम या उसके अधिकृत डीलर द्वारा की जानी चाहिए। | 20 सेट | 101380 | 5069078.4 | 06-07-2023 |
| | | (2) यूएफएसबीआई के साथ काम करने के लिए उपयुक्त विश्वसनीयता सुधार किट की आपूर्ति डेल्ट्रॉन आरडीएसओ/एसपीएन/147/2005 या नवीनतम के अनुसार बनाते हैं। इसमें शामिल है निम्नलिखित चीजें। (ए) काम करने वाले मॉडेम का स्वचालित मीडिया परिवर्तन ओएफसी/क्वाड/ माइक्रोवेव के डेटा ट्रांसमिशन के लिए अनावश्यक चैनल रेडियो (कोई भी 2 मीडिया) = 1 जोड़ी। (बी) यूएफएसबीआई के लिए सेकेंडरी मॉडेम (उपयोग के लिए)। द्वितीयक मीडिया OFC/Qoad = 1 जोड़ी के साथ। (सी) टाइप सी एंड डी पावर लाइन (वीएफ 24 एसी/डीसी–02 नग। और V20c/3PH 150V-2 नग) और डेटा लाइन SPD (MPD) \| 4D/5T - 2nos) जिसमें 1 जोड़ी UFSBI=1 सेट के साथ काम करने के लिए उपयुक्त है (d) पावर मॉनिटर और सॉफ्ट स्टार यूनिट (पीएमएसएस) = 1 जोड़ी। 2. स्थापना एवं काम करने के लिए उपयुक्त विश्वसनीयता सुधार किट की कमीशनिंग यूएफएसबीआई 3. मीडिया चेंजओवर स्विच के लिए इंडिकेशन बॉक्स की आपूर्ति यूएफएसबीआई की विश्वसनीयता और उपलब्धता में सुधार। आपका प्रस्तावः स्वयं ब्रांड 4. एलसीबी संकेत प्रावधान और सर्किट परिवर्तन (रिले वायरिंग सामग्री होगी रेलवे द्वारा दिया जाएगा) एलईडी एवं लेबर का कार्य फर्म द्वारा किया जाएगा। सामग्री की आपूर्ति ओईएम या उसके अधिकृत डीलर द्वारा की जानी चाहिए। | 4 | | | |

नोटः– पूर्ण विवरण एवं निविदा शर्ते वैब साइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। सभी इच्छुक निविदाकर्ताओ को ई. टेंडर में भाग लेने तथा पंजीकरण कराने के लिए भारत सरकार आई टी अधिनियम 2000 के तहत प्राधिकृत प्रमाणित एजेंसी से क्लास ||| डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं किया है) प्राप्त मान्य होगा। मेन्यूल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी। पत्र सं0:–20/वरि0 म0 सा0 प्र0/2023 दिनांक. 23–06–2023 1954/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# मूल जलस्रोत से दूसरे गांव को पानी देने से ग्रामीणों में आक्रोश

## जलस्रोत नहीं बदलने पर ग्रामीण करेगें आंदोलन

उत्तरकाशी : पुरोला ब्लॉक के ढुकरा गांव की महिलाओं ने जलजीवन मिशन पेयजल योजना के अंतर्गत गांव के जलस्रोत से दूसरे गांव के लिए पेयजल लाइन देने पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। शुक्रवार को ग्रामीण महिलाएं तहसील कार्यालय पहुंचे और एसडीएम देवानंद शर्मा को ज्ञापन प्रेषित कर निर्माण कार्य की जांच करवाने की मांग की।

शुक्रवार को तहसील कार्यालय पहुंची नागझाला के ढुकरा गांव की आक्रोशित महिलाओं और ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल योजना के निर्माण में मोलटाड़ी गांव की पाइपलाइन का कार्य चल रहा है। जिसमें गांव के 40 से अधिक परिवारों की अनदेखी कर जल संस्थान की कार्यदायी संस्था गांव के लिए कई जलस्रोत होने के बावजूद, ढुकरा गांव के एक मात्र ठंडे पाणी नामे तौक से पेयजल लाइन को बिछाने का कार्य करवा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि एकमात्र जल स्रोत होने के कारण गांव को पेयजल सहित सिंचाई में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। महिलाओं ने कहा कि सात माह पूर्व गांव के जलस्रोत को अन्यत्र न देने को लेकर उन्होंने आपत्ति जताई थी व प्रशासन तथा विभाग को लिखित आपत्ति पत्र भी दिया था। फिर भी कोई सुनवाई नहीं हुई। बल्कि आपत्ति के उपरांत भी पेयजल निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी कि यदि योजना का जलस्रोत नहीं बदला गया और जबरन गांव के मूलस्रोत से पेयजल लाइन बिछाई गई तो ग्रामीणों को उग्र आंदोलन करने को बाध्य होना पड़ेगा। ज्ञापन देने वालों में विजेंन्द्र पाल, दिनेश, सन्दीप कुमार, महेंद्र कुमार, विनीता, बचनी देवी, कुमारी, राजी देवी, रोशनी, सरोज, परवीना, अंजू देवी आदि महिलाएं और युवा मौजूद रहे। (एजेंसी)

# वेतन बढ़ोतरी की घोषणा पर कार्यवाही नहीं होने पर भड़का उपनल महासंघ

श्रीनगर गढ़वाल : उपनल महासंघ पेयजल निगम कर्मचारी संगठन ने मांगों पर कार्यवाही न होने पर आक्रोश व्यक्त किया है। इस संदर्भ में निगम के प्रदेश अध्यक्ष महेश भट्ट ने पेयजल निगम के प्रबंध निदेशक को भेजे ज्ञापन में कहा की 9 सितंबर 2022 को महासंघ के अधिवेशन में महंगाई को देखते हुए वेतन में वृद्धि करने की घोषणा की थी। कहा कि उक्त घोषणा को एक साल होने वाला है, लेकिन वर्तमान तक घोषणा पर एक पत्राचार तक नहीं किया है, जो कि कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करने जैसा है। महेश भट्ट ने कहा कि पिछले 10 साल से लगातार विभागीय संविदा एवं प्रत्येक वर्ष वेतन बढ़ोत्तरी हेतु समय–समय पर विभाग से निवेदन करते आ रहे हैं। लेकिन हमारी मांगो को मानने के बजाय विभाग द्वारा कनिष्ठ सहायक के पदों को भर दिया जा रहा है। जिससे कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने आगामी 6 जुलाई को होने वाली बोर्ड बैठक में कनिष्ठ सहायक के खाली पदों के सापेक्ष विभागीय सविंदा तथा महंगाई को देखते हुए मासिक वेतन में बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव रखे जाने की मांग की है। (एजेंसी)

## दो छात्रों का नवोदय विद्यालय के लिए चयन

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड कीर्तिनगर के राजकीय प्राथमिक विद्यालय सांकरौं कु. लाजू फर्स्वाण तथा पीयूष भट्ट का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है।

जिस पर समस्त विद्यालय परिवार ने खुशी जताते हुए शुभकामनाएं दी हैं। विद्यालय से प्रतिवर्ष छात्रों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय एवं राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के लिए हो रहा है इस वर्ष भी एक छात्र का चयन राजीव गांधी नवोदय विद्यालय तथा 2 छात्रों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कृष्णा असवाल का कहना है कि विद्यालय की सहायक अध्यापिका प्रीति कठैत ने छात्रों को जवाहर नवोदय विद्यालय तथा राजीव गांधी नवोदय विद्यालय की तैयारी विद्यालय समय के अतिरिक्त समय देकर की है। (एजेंसी)

# जिला अस्पताल में जल्द स्थापित होगी क्रिटिकल केयर ब्लॉक

चमोली : चमोली में आमजन को स्वास्थ्य लाभ मुहैया कराने के मद्देनजर जिला अस्पताल गोपेश्वर में जल्द ही 52 बेडड क्रिटिकल केयर ब्लॉक की स्थापना की जाएगी, जिसको लेकर वर्षों से लंबित पड़ी 3 हजार वर्ग मीटर भूमि हस्तांतरण के मामले को शासन ने मंजूरी दे दी है। यह जानकारी स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने साझा की है।

स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि विगत माह में सीमांत जनपद चमोली भ्रमण के दौरान यह पाया गया कि जिला अस्पताल गोपेश्वर में जगह की कमी के कारण क्रिटिकल केयर ब्लॉक स्थापित नहीं हो पा रहे थे जिसके कारण अति गंभीर रोगियों को इलाज मुहैया कराने में खासी परेशानी देखी जा रही थी। आमजन को स्वास्थ्य लाभ के लिए अन्य जनपदों में जाना पड़ रहा था। मामले का संज्ञान लेते हुए तुरंत शासन में संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए जिसके बाद जिला अस्पताल के समीप भूमि का हस्तांतरण पीडब्ल्यूडी से स्वास्थ्य विभाग को कर दी गई है।

## सम्पादकीय

### एक मंच से सत्ता की संभावनाएं

विपक्ष की बैठकवर्ष 2024 के संसदीय चुनावों को लेकर विपक्ष का कुनबा एक मंच के नीचे आने के लिए तैयार है। इसका पहला चरण बिहार की राजधानी पटना में देखने को मिला जहां कहने को तो 18 दल भाजपा के विजय रथ को रोकने के लिए एकत्रित होने वाले थे लेकिन यह संख्या पूरी नहीं हो पाई, हालांकि बावजूद इसके जितने नेता एक मंच पर जुटे उसने विपक्ष की एकता की उम्मीदों को पंख लगा दिए हैं। हालांकि बैठक के दौरान ही नेताओं में आपसी विरोधाभास भी नजर आए जिनमें कर्नाटक चुनाव से लेकर दिल्ली में राज्य सरकार को फैसले लेने की स्वतंत्रता के विषय शामिल रहे। पूरी बैठक सीधे तौर पर भाजपा को 2024 के चुनावों मैं जितने से रोकने पर ही केंद्रित रही। पटना की इस बैठक का पूरा सार सिर्फ तीन बातों में ही निचोड़ कर सामने आया जिसमें पहली बात एकता की कही गई, दूसरी बात मिलकर लड़ने की और तीसरी, अगली बैठक शिमला में आयोजित होने की तय हुई। केंद्र में भाजपा के कार्यकाल के दौरान ईडी और सीबीआई विपक्ष के नेताओं के जुबान पर चढ़े रहे और इसके कथित गलत प्रयोग को लेकर विपक्ष के नेताओं में छटपटाहट साफ नजर आई। इधर दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल केंद्र सरकार द्वारा लाए गए अध्यादेश पर विपक्ष से समर्थन मांग रहे हैं लेकिन इसके जवाब में भी उन्हें पलटवार सुनना पड़ा। यह अध्यादेश दिल्ली में अधिकारियों के तबादले और नियुक्ति में आखिरी फैसला उपराज्यपाल को देता है और जाहिर है इन परिस्थितियों में दिल्ली सरकार के पास कुछ नहीं रहेगा। विपक्ष के तमाम दल अपनी ही समस्याओं से जूझ रहे हैं जिनमें सबसे पहले इन दलों को एक दूसरे का विश्वास जीतना होगा और केंद्र सरकार द्वारा लिए गए फैसलों को लेकर विरोध की एकजुटता दिखानी होगी। यही सबसे मुश्किल काम है क्योंकि हर राज्य कि अपनी परिस्थितियां है और पूर्व में सभी दल अपनी परिस्थितियों के अनुसार अकेले दम पर केंद्र सरकार की नीतियों से लड़ते आ रहे हैं।आम आदमी पार्टी ने भी इस अध्यादेश को लेकर विपक्ष से समर्थन मांगा था और यही बात इस बैठक में भी नाराजगी के तौर पर सामने आई। अब प्रश्न यह उठता है कि विपक्ष की इस एकता की नैया के खेवनहार कौन बनेंगे? पटना में सीएम आवास के बाहर जो पोस्टर लगाए गए उनमें नीतीश कुमार को प्रमुख चेहरे के तौर पर दिखाया गया है। यह माना जा सकता है कि विपक्ष के इस एकता मिशन और भाजपा रोको अभियान की बागडोर मुख्य तौर पर नीतीश कुमार एवं कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में संभाली जाएगी। पूरी बैठक में राहुल गांधी एवं खरगे की मौजूदगी एवं उनकी आपस की ट्यूनिंग विपक्ष की एकता के नेतृत्व को एक मजबूती प्रदान कर सकती है। बैठक में कुल 18 राजनीतिक दल शामिल होने थे, लेकिन 15 दिन ही शामिल हुए और यह संख्या विपक्ष की इस "गैदरिंग" को उत्साहित कर सकती है। अगली बैठक शिमला में तय होगी और उम्मीद की जा सकती है 2024 में भाजपा के विजय रथ को रोकने के लिए इसी बैठक में शायद कोई रोड मैप लेकर मुहिम को आगे बढ़ाया जाए। लोकसभा चुनावों के लिए विपक्ष की एकता का इतिहास कोई बहुत अधिक सुनहरा नहीं है और अक्सर विपक्ष के गठबंधन ओं को महत्वकांक्षी के आगे बिखरते हुए भी देश ने देखा है।

# 2024 में ब्रिटेन की भी परीक्षा !

श्रुति व्यास



क्या बोरिस जॉनसन का अब भी कोई राजनैतिक भविष्य है? क्या इंग्लैंड के इस पूर्व प्रधानमंत्री की कभी सत्ता में वापसी होगी? क्या किस्मत उनका वैसे ही साथ देगी जैसा तमाम आरोपों और कानूनी मामलों में उलझे हुए उनके राजनैतिक जुड़वां डोनाल्ड ट्रंप का दे रही है?

पार्टीगेट कांड से बोरिस जॉनसन को गहरा धक्का लगा है। इस हद तक कि ऐसा लग रहा है मानों वे अपने होशोहवास खो चुके हैं। हालात यह है कि जो भी जॉनसन को समझदार कहेंगा तो ब्रिटिश मीडिया भड़क जाएगा! विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने के बाद जॉनसन ने हाउस ऑफ़ कॉमन्स से इस्तीफा दे दिया। समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि लॉकडाउन के दौरान हुई पार्टियों के संबंध में उन्होंने जानते–बूझते संसद को गुमराह किया। इस सारे मामले पर जॉनसन की प्रतिक्रिया वैसी ही थी जैसी उनसे उम्मीद की जा सकती है झ हास्यास्पद, असभ्य व कटुता व गुस्से से भरी हुई। उन्होंने पूरे घटनाक्रम को बदला लेने की कार्यवाही बताया, विशेषाधिकार समिति को 'कंगारू कोर्टझ की संज्ञा दी तथा रपट के निष्कर्षों को 'पागलपनझ कहा। उन्होंने समिति की अध्यक्ष हेरिएट हर्मेन पर तथ्यों को तोडने़–मरोडने़ का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनके कलेजे में चाकू उतार दिया गया है और यह सांसदों और प्रजातंत्र के लिए बहुत बुरा दिन है।

सच्चाई ठीक उलट है। यह ब्रिटेन के लोकतंत्र के लिए गर्व का दिन है। इतिहास में पहली बार एक पूर्व प्रधानमंत्री अपनी करनी का फल भोग रहा है। अटलांटिक के उस पार अमरीका में भी पहली बार एक पूर्व राष्ट्रपति अपने भयावह अपराधों के लिए कानूनी कार्यवाही का सामना कर रहा है। राजनीति, मीडिया और सार्वजनिक जीवन के कई अन्य क्षेत्रों में जहां एक ओर बुरे लोग होते हैं, जो अपने फायदे के लिए झूठी बातें फैलाते हैं, झूठ बोलते हैं और धोखा देते कुछ गलत नहीं समझते। इन लोगों के बरक्स होते हैं वे लोग जो तथ्यों को महत्व देते हैं और सच्चाई और नियमों के पालन के पक्षधर होते हैं। जो ब्रिटेन और अमरीका में हो रहा है, क्या उसकी कल्पना हम अपने 'दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्रझ में कर सकते हैं?

महत्वपूर्ण है जनता का नजरिया। अमेरिका की जनता ट्रंप और उनके 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेनझ के नारे के साथ है किंतु जॉनसन के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता। हाँ, यह ज़रूर है कि ट्रंप और जॉनसन दोनों का अपनी–अपनी पार्टियों में वफादार समर्थकों का समूह है। खासकर जॉनसन का, जिन्होंने कंजरवेटिव पार्टी को अपने नेतृत्व में केवल तीन साल पहले शानदार चुनावी जीत दिलवाई थी। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि दोनों अपने–अपने देशों में पहले ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने लोकतंत्र का ही गला घोंटने का प्रयास किया। निःसंदेह पार्टीगेट कांड के बाद बोरिस जॉनसन अपना मज़ाकिया लहजा और लोकप्रियता खो बैठे हैं। बल्कि उनकी बातों को अब पागलपन कहा जाने लगा है।

इसलिए ब्रिटिश मीडिया ने उनके राजनैतिक करियर के अंत की भविष्यवाणी करने में कसर नहीं छोड़ी है। जिस तरह अमरीकी मीडिया हमेशा से ट्रम्प के खिलाफ था उसी तरह ब्रिटिश मीडिया भी शुरू से बोरिस जॉनसन और 10 डाउनिंग स्ट्रीट में उनकी हरकतों के खिलाफ रहा है। उसकी नजर में व एक मुसीबत थे जो ब्रिटेन को बर्बाद कर देती। जैसी कि टोरी सासंद डेविड गाउके कहा, "सीधी सी बात यह हैकि जॉनसन एक गलत व्यक्ति थे जो प्रधानमंत्री बनने के लायक कभी भी नहीं थे"।यह सच है कि ब्रिटिश मीडिया और ज्यादातर टोरियों का मानना है कि जॉनसन का कोई राजनैतिक भविष्य नहीं बचा है। प्रधानमंत्री के तौर पर उनकी विरासत को भुला दिया जायेगा। यहां तक कि कंजरवेटिव झुकाव वाली पत्रिका 'स्पेक्टेटरझ ने अपने 15 जून के अंक में "अब हमारे पास सबूत हैं कि बोरिस जॉनसन हमें बेवकूफ समझते थे" शीर्षक लेख में लिखा, "यह अपनी तरह का अनोखा झूठा आदमी अपने पद की गरिमा को कैसे मिट्टी में मिला सका" और "इसने हम सबको मूर्ख समझा"। इसी दिन 'द इकानामिस्टझ ने लिखा, "ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री की राजनैतिक विरासत समाप्त हो चुकी है"।जहां तक वर्तमान ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का सवाल है, उन्हें भी अपनी पूर्ववर्ती की निंदा न करने के कारण खरीखोटी सुनायी जा रही है। यहां तक कि बोरिस जॉनसन पर प्रतिबंध लगाया जाए या नहीं इस प्रश्न पर संसद में हुई वोटिंग से भी वे दूर रहे।

सुनक का दामन भी पूरी तरह से साफ़ नहीं है। उन्हें भी कोविड नियमों का उल्लंघन करने के लिए फाइन चुकाने का नोटिस मिल चुका है। ब्रिटिश संसद के गलियारों और मीडिया में चर्चा है कि ऋषि सुनक इस सारे पचड़े से इसलिए दूरी बनाए हुए हैं क्योंकि वे जॉनसन को नाराज नहीं करना चाहते। केवल वे ही नहीं बल्कि उनकी पार्टी के कई प्रमुख और मुखर सांसद भी हाउस ऑफ कामन्स में हुई चर्चा और विशेषाधिकार समिति की रपट पर हुए मतदान में शामिल नहीं हुए।

तभी इस बार गर्मियों में ब्रिटेन की हवा में निराशा घुली हुई है। ब्रेक्सिट, बोरिस और उसके बाद हुई अफरातफरी के नतीजे में ब्रिटिश जनता का सिर शर्म से झुक गया है। अंग्रेज स्वयं पर बहुत गर्व करते हैं इसलिए उन्हें मौजूदा हालात कठिन और खराब महसूस हो रहे होंगे। आखिरकार ब्रिटेन भी एक तरह के कुलीन वर्ग का गुलाम है झ उस वर्ग का जो सत्ता को अपना हक मानता है। इसलिए अगले साल ब्रिटेन में होने वाले चुनाव अमेरिका जितने ही दिलचस्प और मनोरंजक होंगे। कंजरवेटिव पार्टी के नेताओं को लोगों के साथ जुडने़ में कठिनाई होगी और जनता के लिए भी कंजरवेटिवों को 'बदलाव का वाहकझ मानना कठिन होगा।

जहां तक बोरिस जॉनसन का सवाल है, वे लोकलुभावन नेता हैं। उन्हें पूरी तरह खारिज करना जल्दबाजी होगी। उनके पास वफादार समर्थकों की अच्छी–खासी फौज है जो यूक्रेन युद्ध के दौरान उनके नेतृत्व और टोरियों की खुले बाजार की नीति के उनके झुकाव के आधार पर उनकी वापसी की बात करते हैं। वे असभ्य भले ही हों परन्तु उन्हें चुनाव प्रचार करने की कला में जबरदस्त महारत हासिल है। उनकी वापसी का रास्ता उब्बड़–खाबड़ स्पीड ब्रेकरों भरा होगा लेकिन लोकलुभावन बातों का हथियार उनके पास है और वह काफी कारगर होता है। सन 2024 दिलचस्प होने वाला है जिसमें बहुतों की किस्मत का इम्तहान होगा।

ब्रिटिश मीडिया ने उनके राजनैतिक करियर के अंत की भविष्यवाणी करने में कसर नहीं छोड़ी है। जिस तरह अमरीकी मीडिया हमेशा से ट्रम्प के खिलाफ था उसी तरह ब्रिटिश मीडिया भी शुरू से बोरिस जॉनसन और 10 डाउनिंग स्ट्रीट में उनकी हरकतों के खिलाफ रहा है। उसकी नजर में व एक मुसीबत थे जो ब्रिटेन को बर्बाद कर देती। जैसी कि टोरी सासंद डेविड गाउके कहा, "सीधी सी बात यह हैकि जॉनसन एक गलत व्यक्ति थे जो प्रधानमंत्री बनने के लायक कभी भी नहीं थे"।यह सच है कि ब्रिटिश मीडिया और ज्यादातर टोरियों का मानना है कि जॉनसन का कोई राजनैतिक भविष्य नहीं बचा है। प्रधानमंत्री के तौर पर उनकी विरासत को भुला दिया जायेगा। यहां तक कि कंजरवेटिव झुकाव वाली पत्रिका 'स्पेक्टेटरझ ने अपने 15 जून के अंक में "अब हमारे पास सबूत हैं कि बोरिस जॉनसन हमें बेवकूफ समझते थे" शीर्षक लेख में लिखा, "यह अपनी तरह का अनोखा झूठा आदमी अपने पद की गरिमा को कैसे मिट्टी में मिला सका" और "इसने हम सबको मूर्ख समझा"।

# सरकार की पहल और सांस्कृतिक पुनरुद्धार

नानू भसीन और ऋतु कटारिया*




भारत अपने समृद्ध इतिहास और सांस्कृतिक विविधता से परिपूर्ण देश है। देश में अनेक अत्यधिक महत्वपूर्ण प्राचीन स्थल और विरासत स्मारक मौजूद हैं। भारत सरकार ने देश की कालातीत और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के महत्व को स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने विकास भी विरासत भी के नारे के तहत यह प्रयास किया है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय ज्ञान प्रणालियों, परंपराओं और सांस्कृतिक लोकाचार को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के कार्य को अत्यधिक महत्व दिया है।

सभ्यतागत महत्व के उपेक्षित स्थलों का पुनर्विकास करना सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक है। मई 2023 तक, सरकार द्वारा भारत की प्राचीन सभ्यता की विरासत को संरक्षित करने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता दर्शाते हुए देश भर में तीर्थ स्थलों को कवर करने वाली 1584.42 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 45 परियोजनाओं को प्रसाद (पीआरएएसएडी) यानी (तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान) योजना के तहत अनुमोदित किया गया है।

कई दशकों की उपेक्षा के बाद, भारत के लंबे सभ्यतागत इतिहास वाले विभिन्न स्थलों को संरक्षण, पुनरुद्धार और विकास परियोजनाओं के माध्यम से पुनर्जीवित किया गया है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और वाराणसी में कई अन्य परियोजनाओं ने शहर की गलियों, घाटों और मंदिर परिसरों को बदल दिया है। इसी तरह, उज्जैन में महाकाल लोक परियोजना और गुवाहाटी में मां कामाख्या कॉरिडोर जैसी परियोजनाओं से मंदिर आने वाले तीर्थयात्रियों के अनुभव को समृद्ध करने, उन्हें विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के साथ–साथ पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। एक ऐतिहासिक क्षण में, अगस्त 2020 में अयोध्या में राम मंदिर के लिए भूमिपूजन हुआ और एक भव्य मंदिर का निर्माण जोरों पर है।

एक अन्य उल्लेखनीय प्रयास के तहत 825 किमी लंबी चारधाम सड़क परियोजना है, जो चार पवित्र धामों को निर्बाध बारहमासी सड़क संपर्क प्रदान करती है। प्रधानमंत्री ने इससे पहले 2017 में केदारनाथ में पुनर्निर्माण और विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी थी, जिसमें आदि शंकराचार्य की समाधि भी शामिल थी, जो 2013 की विनाशकारी बाढ़ में तबाह हो गई थी। नवंबर 2021 में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केदारनाथ में आदि शंकराचार्य की समाधि पर उनकी मूर्ति का अनावरण किया था। इसके अतिरिक्त, गौरीकुंड को केदारनाथ और गोविंदघाट को हेमकुंड साहिब से जोडने़ वाली दो रोपवे परियोजनाएं पहुंच को और बढ़ाने और भक्तों की आध्यात्मिक यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए तैयार हैं।

सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए सरकार के समर्पण के एक और उदाहरण में, प्रधानमंत्री ने गुजरात के सोमनाथ में कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें सोमनाथ प्रोमेनेड, सोमनाथ प्रदर्शनी केंद्र और पुराने (जूना) सोमनाथ के पुनर्निर्मित मंदिर परिसर शामिल हैं। इसी तरह, करतारपुर कॉरिडोर और एकीकृत चेक पोस्ट का उद्घाटन एक महत्वपूर्ण अवसर था, जिससे श्रद्धालुओं के लिए पाकिस्तान में पवित्र गुरुद्वारा करतारपुर साहिब में मत्था टेकना आसान हो गया।

हिमालयी और बौद्ध सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करना भी सरकार के प्रयासों में विशेष रूप से शामिल है। स्वदेश दर्शन योजना के हिस्से के रूप में, सरकार ने भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने वाले विषयगत सर्किट विकसित करने के उद्देश्य से 76 परियोजनाएं शुरू की हैं। बौद्ध सर्किट के लिए विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिससे भक्तों के लिए बेहतर आध्यात्मिक अनुभव सुनिश्चित हुआ है। 2021 में, कुशीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया गया, जिससे महापरिनिर्वाण मंदिर तक आसानी से पहुंचा जा सके। पर्यटन मंत्रालय उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, गुजरात और आंध्र प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में बौद्ध सर्किट के तहत सक्रिय रूप से स्थलों का विकास कर रहा है। इसके अलावा, नरेंद्र मोदी ने मई 2022 में नेपाल के लुंबिनी में तकनीकी रूप से उन्नत भारत अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्कृति और विरासत केंद्र की आधारशिला रखी थी, जो बौद्ध विरासत और भारत की सांस्कृतिक विविधता के संरक्षण और संवर्धन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को उजागर करता है।

पुरावशेषों की वापसी के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विरासत को भी महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला। 24 अप्रैल, 2023 तक, भारतीय मूल के 251 अमूल्य पुरावशेषों को विभिन्न देशों से वापस प्राप्त किया गया है, जिनमें से 238 को 2014 के बाद से वापस लाया गया है। भारत के अमूल्य पुरावशेषों की वापसी देश के सांस्कृतिक खजाने की सुरक्षा और पुनः प्राप्ति के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का एक सशक्त प्रमाण है।

हृदय (हेरिटेज सिटी डेवलपमेंट एंड ऑग्मेंटेशन योजना) योजना के तहत 12 विरासत शहरों का विकास एक असाधारण विरासत के संरक्षक के रूप में खुद को स्थापित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारत प्रभावशाली 40 विश्व विरासत स्थलों का दावा करता है, जिनमें से 32 सांस्कृतिक हैं, 7 प्राकृतिक हैं, और 1 मिश्रित श्रेणी के अंतर्गत है, जो भारत की विरासत की विविधता और समृद्धि को प्रदर्शित करता है। पिछले नौ वर्षों में ही विश्व विरासत स्थलों की सूची में 10 नए स्थलों को जोड़ा गया है।

इसके अतिरिक्त, भारत की अस्थायी सूची 2014 में शामिल 15 साइटों से बढ़कर 2022 में 52 हो गई है, जो भारत की सांस्कृतिक विरासत की वैश्विक मान्यता और बड़ी संख्या में विदेशी यात्रियों को आकर्षित करने की क्षमता का संकेत है।भारत की सांस्कृतिक समृद्धि को महीने भर चलने वाले &प्त39;काशी तमिल संगमम&प्त39; के माध्यम से भी प्रदर्शित किया गया – जो कि उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य तमिलनाडु और काशी के बीच सदियों पुराने संबंधों का जश्न मनाना, देश के शिक्षण के 2 सबसे महत्वपूर्ण स्थानों फिर से पुष्टि करना और उन्हें खोजना है।

ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से, सरकार एक भारत श्रेष्ठ भारत के विचार को सशक्त रूप से बढ़ावा देती है, जिसका उद्देश्य देश की संस्कृति का जश्न मनाना है। हाल ही में, देश भर के सभी राज्यों के सभी राजभवनों द्वारा राज्य दिवस मनाने का निर्णय भी एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को उजागर करता है। इन सभी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं और पहलों के माध्यम से, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण से निर्देशित भारत सरकार ने देश की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और संरक्षित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। वे देश की समृद्ध संस्कृति के प्रति गहरी जागरूकता और इसकी विरासत को संरक्षित करने की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। सरकार का उद्देश्य भारत के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक खजाने की रक्षा और प्रचार करके, भारतीय इतिहास और संस्कृति की वर्तमान और भावी पीढ़ियों की समझ को समृद्ध करना है। अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की बढ़ती संख्या को आकर्षित करने की क्षमता और विरासत स्थलों को पुनर्जीवित करने के चल रहे प्रयासों के साथ, भारत की प्राचीन सभ्यता और सांस्कृतिक परंपराएं वैश्विक मंच पर चमकती रहेंगी।

**लेखिका अपर महानिदेशक, और सहायक निदेशक हैं। दोनों लेखिकाएं पत्र सूचना कार्यालय, भारत सरकार की अधिकारी हैं।**

हिमालयी और बौद्ध सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करना भी सरकार के प्रयासों में विशेष रूप से शामिल है। स्वदेश दर्शन योजना के हिस्से के रूप में, सरकार ने भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने वाले विषयगत सर्किट विकसित करने के उद्देश्य से 76 परियोजनाएं शुरू की हैं। बौद्ध सर्किट के लिए विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिससे भक्तों के लिए बेहतर आध्यात्मिक अनुभव सुनिश्चित हुआ है। 2021 में, कुशीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया गया, जिससे महापरिनिर्वाण मंदिर तक आसानी से पहुंचा जा सके। पर्यटन मंत्रालय उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, गुजरात और आंध्र प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में बौद्ध सर्किट के तहत सक्रिय रूप से स्थलों का विकास कर रहा है। इसके अलावा, नरेंद्र मोदी ने मई 2022 में नेपाल के लुंबिनी में तकनीकी रूप से उन्नत भारत अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्कृति और विरासत केंद्र की आधारशिला रखी थी, जो बौद्ध विरासत और भारत की सांस्कृतिक विविधता के संरक्षण और संवर्धन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को उजागर करता है। पुरावशेषों की वापसी के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विरासत को भी महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला। 24 अप्रैल, 2023 तक, भारतीय मूल के 251 अमूल्य पुरावशेषों को विभिन्न देशों से वापस प्राप्त किया गया है, जिनमें से 238 को 2014 के बाद से वापस लाया गया है। भारत के अमूल्य पुरावशेषों की वापसी देश के सांस्कृतिक खजाने की सुरक्षा और पुनः प्राप्ति के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का एक सशक्त प्रमाण है।

# वीरांगना रानी दुर्गावती

## बलिदान दिवस—24 जून पर विशेष

मनोज कुमार श्रीवास्तव



मातृभूमि की रक्षा में प्राणों का बलिदान करके अपने लहू से इतिहास के पृष्ठों पर शौर्य एवं वीरता की प्रेरक और रोमांचक गाथा अंकित करने वाली वीरांगना रानी दुर्गावती इतिहास में अमर हैं। सोलहवीं शताब्दी में गोंडवाना और गढ़ा–मण्डला की महारानी दुर्गावती ने मुगल सम्राट अकबर की आक्रान्ता सेनाओं से अपनी मातृभूमि की रक्षा करने लोहा लिया और जबलपुर के निकट नरई नाला के पास वीरगति पाई।

रानी के बलिदान को 459 वर्ष हो जाने के बाद भी लोग उनके शौर्य, अप्रतिम देशप्रेम, साहस, शासन नैपुण्य, प्रजा वात्सल्यता और प्राणोत्सर्ग को याद करते हैं। चार शताब्दियों से अधिक समय बीतने के बाद भी दुर्गावती की कीर्ति, बलिदान गाथा और वीरता की कहानी अक्षुण्ण बनी हुई है। रानी दुर्गावती के प्रारंभिक जीवन के संबंध में अबुल फजल ने आइने अकबरी में लिखा है कि "राजकुमारी दुर्गावती महोबा के पास राव परगने के चंदेल वंशीय शासक शालिवाहन की पुत्री थी।" अंग्रेज इतिहासकार कनिंघम के अनुसार दुर्गावती कालिंजर के राजा कीरतसिंह की पुत्री थी। उनका जन्म सन 1524 में हुआ। रानी दुर्गावती का विवाह गढ़ा–मंडला के तेजस्वी सम्राट संग्रामशाह के ज्येष्ठ पुत्र दलपतिशाह के साथ हुआ था। उन्होंने अनेक मंदिर, मठों, धार्मिक प्रतिष्ठानों सहित प्रजाहित में जलाशयों का निर्माण, धर्मशाला और संस्कृत पाठशालाओं की व्यवस्था की।दुर्गावती के शासन में नारी सम्मान अपनी उत्कर्ष अवस्था पर था। नारी के अपमान पर मृत्युदंड दिया जाता था। रानी नित्य नर्मदा स्नान करती थी और इसके लिए राज प्रसादों से नर्मदा तट तक कई गुप्त और अभेद्य मार्ग बनवाये गये थे। राज्य में संस्कृत पंडितों और कवियों को राज्य सम्मान प्राप्त था। रानी को विद्या, ज्ञानार्जन और साहित्य के प्रति अत्यधिक रुचि थी। दुर्गावती का राज्य छोटे–बड़े 52 गढ़ों से मिलकर बना था, जिसमें सिवनी, पन्ना, छिंदवाड़ा, भोपाल, तत्कालीन होशंगाबाद और अब नर्मदापुरम, बिलासपुर, डिंडौरी, मंडला, नरसिंहपुर, कटनी तथा नागपुर शामिल थे। मोटे तौर पर राज्य विस्तार उत्तर से दक्षिण 300 मील एवं पूर्व से पश्चिम 225 मील कुल 67 हजार 500 वर्ग मील के क्षेत्र में था।

रानी दुर्गावती ने सन् 1549 से 1564 तक अपने पुत्र वीरनारायण सिंह के नाम पर गोंडवाना साम्राज्य की बागडोर सम्भाली। राज्य की सुरक्षा के लिये किले बनवाये और किलों की मरम्मत की। शहर और गाँव बसाये और कृषि प्रधान 23 हजार गाँवों की देख–रेख की। आइने अकबरी में लिखा है कि गढ़ा–मण्डला की आमदनी 18 लाख 57 हजार दीनार थी। दुर्गावती के राज्य में सोने के सिक्के चलते थे। राज्य में इतनी समृद्धि थी कि कहा जाता है कि लोग अपनी जमीन का लगान स्वर्ण मुद्राओं से चुकाते थे। राज्य के 12 हजार गाँवों में रानी के प्रतिनिधि शिकदार रहते थे। प्रजा की फरियाद रानी स्वयं सुनती थी।रानी ने कभी दूसरों के राज्यों पर न तो आक्रमण किया और न साम्राज्यवादी तरीकों की विस्तारवादी नीति अपनाई। गोंड़वाने पर मालवा के बाजबहादुर ने आक्रमण किया। पहली बार के संघर्ष में बाजबहादुर का काका फतेह खाँ मारा गया और दूसरी बार कटंगी की घाटी में बाजबहादुर की सारी फौज का सफाया हुआ। बाजबहादुर की पराजय ने रानी दुर्गावती को गढ़ा मण्डला का अपराजेय शासक बना दिया। गढ़ा–मण्डला की समृद्धि से प्रभावित आसफ खाँ के नेतृत्व में दस हजार घुड़सवार और तोपों, गोला–बारूद से लैस मुगल सैनिकों ने दमोह की ओर से गोंडवाना राज्य पर हमला कर दिया।

# गर्मी में ज्यादा देर मोजा पहनने से पैरों को हो सकता है ये गंभीर नुकसान, बदबू इसका लक्षण तो नहीं

मौसम में बदलाव आते रहते हैं कभी ठंडी आती है तो कभी गर्मी कभी बारिश का मौसम आता है तो कभी पतझड़ का लेकिन अगर किसी चीज में बदलाव नहीं आता तो वह है रोज ऑफिस या स्कूल जाना. तो फिर चाहे सर्दी हो या गर्मी हर मौसम में व्यक्ति मोजा पहनता ही है. ऑफिस जाना हुआ तो मोजा, स्कूल जाना हुआ तो मोजा. हालांकि, बच्चे तो सिर्फ कुछ देर के लिए ही मोजा पहनते हैं लेकिन बड़े जो ऑफिस जाते हैं उन्हें दिन भर मोजा पहने रहना पड़ता है. लेकिन ज्यादा देर तक मोजा पहनना सेहत के लिए ठीक नहीं होता है, खासकर गर्मी में. अगर आप टाइट मोजा पहन रहें हैं तो इससे आपको और भी समस्याएं हो सकती हैं. आइए जानते हैं देर तक मोजा पहनने से क्या नुकसान हो सकता है.

ज्यादा देर टाइट मोजा पहनने से पैरों में सूजन आने लगती है और ब्लड सर्कुलेशन कम होने लगता है. इससे बेचैनी और अचानक गर्मी लगने लगती है. पूरे दिन मोजा पहनने से पैरों में अकडऩ भी हो सकती है और पंजा सुन्न भी पड़ सकता है.

गर्मी में लगातार मोजा पहनने से पैरों में पसीना आने लगता है जिससे पैर की स्किन खराब हो सकती हैं. कुछ लोग कॉटन के मोजे के बजाए सस्ता मोजा खरीद लेते हैं जिससे इसकी समस्या और बढ़ सकती है. जूते के अंदर तलवा बंद रहने से पसीना ज्यादा आता है, इससे नमी पैदा होती है. फंगल इंफेक्शन होने की समस्या बढ़ जाती है और पैरों की त्वचा खराब होने लगती है. ऐसे में मोजे की क्वालिटी का भी खास ध्यान रखें.

शरीर के किसी हिस्से में लिक्विड चीज का एक जगह जमना और उससे सूजन आना, एडीमा का लक्षण है. काफी देर तक एक ही मुद्रा में बैठे रहने या खड़े रहने से पैर सुन्न होने की शिकायत होती है. अगर ऐसा न होने के बावजूद पैर सुन्न हो रहे हों तो यह मोजे की गड़बड़ी का संकेत भी हो सकता है.

पैरों से निकलने वाला पसीना मोजा ही सोखता है. ज्यादा देर तक मोजा पहनने से या टाइट मोजा पहनने से पसीना सूख नहीं पाता है. इसकी वजह से मोजे में बैक्टीरिया पैदा हो जाते हैं जिससे फंगल इंफेक्शन हो सकता है.

## सड़क हादसे में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

**शाहजहांपुर,एजेंसी** । उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में शेरा मऊ दक्षिण इलाके में शुक्रवार को शाहजहांपुर–लखनऊ मार्ग पर सड़क हादसे में दो बच्चों समेत एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई. पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर अमित चौरसिया ने बताया कि घटना शुक्रवार तड़के हुई जब पीड़ित एक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे. उन्होंने कहा कि मोटरसाइकिल सड़क पर फिसल गई या उसे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी, इसकी जांच की जा रही है.मृतकों की पहचान रघुवीर (34) और उसकी पत्नी ज्योति (30) तथा उनके बच्चे अभि (तीन) कृष्णा (पांच) एवं साली जूली (35) के तौर पर हुई है. उन्होंने बताया कि पीड़ितों के सिर में चोट लगने के कारण संभवतः उनकी मृत्यु हुई. पुलिस अधिकारी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले में जांच जारी है.

## बस में चालक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या की कोशिश

**पालघर ,एजेंसी** । महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) के एक चालक (36) ने पालघर जिले के जवाहर शहर में एक खड़ी बस में फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की. अधिकारियों ने शुक्रवार को जानकारी दी. उन्होंने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार सुबह जावहर बस डिपो में हुई. बस डिपो के एक अधिकारी ने कहा कि बस जब डिपो में खड़ी थी, तब उसके चालक ने बस के अंदर रस्सी की मदद से फांसी लगाने की कोशिश की. इस दौरान, एक सुरक्षाकर्मी और अन्य सहकर्मियों ने उसे देख लिया और उसकी जान बचाने के लिए दौड़ पड़े. उन्होंने चालक को फांसी के फंदे से नीचे उतारकर उसकी जान बचाई. अधिकारी के मुताबिक, चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

## एच1एन1 वायरस से एक नाबालिग की मौत

**मलप्पुरम,एजेंसी** । केरल के मलप्पुरम जिले के कुट्टीप्पुरम में कुछ दिन पहले बुखार के कारण दम तोड़ने वाले 13 वर्षीय किशोर के एच1एन1 वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है. स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक किशोर कुट्टीप्पुरम के पास पेनकन्नूर का रहने वाला था.

एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, जिला स्वास्थ्य अधिकारी आर रेणुका ने बृहस्पतिवार को पुष्टि की कि किशोर की मौत एच1एन1 वायरस के संक्रमण के कारण हुई थी. रेणुका ने लोगों से एच1एन1 वायरस के संक्रमण की वजह से होने वाले बुखार सहित अन्य लक्षणों को लेकर सजग रहने की अपील की. उन्होंने कहा कि एच1एन1 के अलावा लोगों को डेंगू और लेप्टोस्पाइरोसिस के खतरे को लेकर भी सतर्क रहना चाहिए.

## जम्मू–कश्मीर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, 4 आतंकवादी मारे गए

**श्रीनगर,एजेंसी** । सुरक्षा बलों ने जम्मू–कश्मीर के माछिल सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास शुक्रवार को चार आतंकवादियों को मार गिराया और घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी. उत्तर कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में माछिल सेक्टर के काला जंगल में घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी गई. कश्मीर जोन पुलिस ने ट्वीट किया।

पीओजेके (पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू–कश्मीर) से हमारी सीमा में घुसने की कोशिश कर रहे चार आतंकवादी थलसेना और पुलिस के संयुक्त अभियान में कुपवाड़ा के माछिल सेक्टर के काला जंगल में मारे गए ।

# भारत और अमेरिका डब्ल्यूटीओ में अपने छह व्यापार विवादों को समाप्त करने पर सहमत



**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत और अमेरिका विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में अपने छह व्यापार विवादों को समाप्त करने पर सहमत हो गए हैं। नयी दिल्ली ने बादाम, अखरोट और सेब जैसे 28 अमेरिकी उत्पादों पर जवाबी सीमा शुल्क भी हटाने का फैसला किया है। राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा के बीच यह कदम उठाया गया है। 2018 में अमेरिका ने राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर कुछ इस्पात और एल्यूमीनियम उत्पादों पर क्रमशः 25 प्रतिशत और 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया था। इसके जवाब में भारत ने जून 2019 में काबुली चना, दाल, बादाम, अखरोट, सेब, बोरिक एसिड और डायग्नोस्टिक अभिकर्मकों समेत 28 अमेरिकी उत्पादों पर सीमा शुल्क लगा दिया था।

संयुक्त राज्य अमेरिका की व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई ने आज घोषणा की कि संयुक्त राज्य अमेरिका और भारतीय गणराज्य विश्व व्यापार संगठन में छह बकाया विवादों को समाप्त करने के लिए सहमत हुए हैं। भारत ने इस्पात और एल्यूमीनियम पर धारा 232 राष्ट्रीय सुरक्षा उपायों के जवाब में लगाए गए जवाबी टैरिफ को हटाने पर भी सहमति व्यक्त की। इसमें कहा गया है कि इन शुल्क कटौती से अमेरिकी कृषि उत्पादकों और निर्माताओं के लिए बाजार के अवसरों को बहाल और विस्तारित किया जाएगा। ताई ने कहा, "आज का समझौता हमारे आर्थिक और व्यापारिक संबंधों को गहरा करने के लिए अमेरिका–भारत व्यापार नीति मंच सहित पिछले दो वर्षों में गहन द्विपक्षीय संबंधों की परिणति को दर्शाता है। हमारे काम के परिणामस्वरूप, अमेरिकी कृषि उत्पादकों और निर्माताओं को अब एक महत्वपूर्ण वैश्विक बाजार में नए सिरे से पहुंच का आनंद मिलेगा और हम अपने निकटतम भागीदारों में से एक के साथ अपने व्यापार संबंधों को मजबूत करेंगे। मैं अपने समकक्ष (भारत के वाणिज्य और उद्योग) मंत्री (पीयूष) गोयल के साथ काम करना जारी रखने के लिए उत्सुक हूं, क्योंकि हम अपने लोगों और हमारी अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ लाने के लिए अतिरिक्त तरीकों की पहचान करते हैं।"

इन छह विवादों में तीन भारत और इतने ही विवाद अमेरिका की ओर से शुरू किए गए हैं। इनमें भारत के कुछ हॉट रोल्ड कार्बन स्टील फ्लैट उत्पादों पर काउंटरवेलिंग उपाय, सौर सेल और मॉड्यूल से संबंधित कुछ उपाय, नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित उपाय, निर्यात से संबंधित उपाय, इस्पात और एल्यूमीनियम उत्पादों पर कुछ उपाय और अमेरिका के कुछ उत्पादों पर अतिरिक्त शुल्क शामिल हैं। व्यापार विशेषज्ञों के अनुसार, दोनों देश पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर विवादों को हल कर सकते हैं और बाद में जिनेवा स्थित डब्ल्यूटीओ को इसके बारे में सूचित कर सकते हैं। अमेरिका ने विभिन्न योजनाओं के तहत अपने निर्यात क्षेत्र को भारत के समर्थन उपायों के बारे में डब्ल्यूटीओ में शिकायत दर्ज कराई थी। 2019 में, एक डब्ल्यूटीओ विवाद पैनल ने फैसला सुनाया कि भारत के निर्यात उपाय वैश्विक व्यापार मानदंडों के साथ असंगत हैं। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। 2022–23 में द्विपक्षीय वस्तु व्यापार बढ़कर 128.8 अरब डॉलर हो गया, जो 2021–22 में 119.5 अरब डॉलर था।

डब्ल्यूटीओ के नियमों के अनुसार, कोई सदस्य देश जिनेवा स्थित बहुपक्षीय निकाय में मामला दर्ज कर सकता है यदि उन्हें लगता है कि कोई विशेष व्यापार उपाय विश्व निकाय के मानदंडों के खिलाफ है। द्विपक्षीय परामर्श किसी विवाद को हल करने के लिए पहला कदम है। यदि दोनों पक्ष परामर्श के माध्यम से मामले को हल करने में सक्षम नहीं हैं, तो दोनों में से कोई भी विवाद निपटान के लिए बने पैनल से संपर्क कर सकता है। पैनल के फैसले या रिपोर्ट को डब्ल्यूटीओ के अपीलीय निकाय की ओर से चुनौती दी जा सकती है।

दिलचस्प बात यह है कि अपीलीय निकाय अपने सदस्यों को नियुक्त करने के लिए सदस्य देशों के बीच मतभेदों के कारण काम नहीं कर रहा है। इस निकाय के साथ पहले से ही कई विवाद लंबित हैं। अमेरिका सदस्यों की नियुक्ति को रोकता रहा है।

## अमेरिकी सांसदों ने कांग्रेस के संयुक्त सत्र में मोदी के संबोधन की सराहना की

**वाशिंगटन, एजेंसी**। अमेरिका के शीर्ष सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र में दिए गए संबोधन की प्रशंसा की जिसे दोनों लोकतांत्रिक देशों के बीच मजबूत मित्रता को और गहरा करने, करीबी आर्थिक संबंधों और रक्षा, व्यापार एवं प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में विस्तारित सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था. मोदी ने 1.4 अरब भारतीयों का प्रतिनिधित्व करते हुए बृहस्पतिवार को अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिकी कांग्रेस को दो बार संबोधित करना हमेशा एक बड़े सम्मान और गर्व की बात रही है. यह दूसरी बार है जब प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित किया है. पहली बार 2016 में उन्होंने कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित किया था.सीनेट इंटेलिजेंस कमेटी के अध्यक्ष और सीनेट इंडिया कॉकस के सह–अध्यक्ष सीनेटर मार्क वार्नर ने कहा, आज कांग्रेस में प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन ने दोनों देशों के बीच मजबूत दोस्ती पर जोर दिया, जो कई करीबी आर्थिक संबंधों और साझा अवसरों से प्रेरित है. उन्होंने कहा, मुझे यह देखकर खुशी हुई कि राष्ट्रपति बाइडन और प्रधानमंत्री मोदी ने इस यात्रा का उपयोग दोनों देशों के बीच संबंधों को गहरा करने और रक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार पर हमारे सहयोग का विस्तार करने के लिए किया. सीनेटर ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी शस्त्र निर्यात नियंत्रण अधिनियम (एईसीए) के तहत भारत को रक्षात्मक सैन्य बिक्री पर विचार करने की अमेरिका की क्षमता को सरल एवं कारगर बनाने के लिए कानून पेश किया. उन्होंने कहा, सीनेट इंडिया कॉकस के सह–अध्यक्ष के नाते मैं इस साझेदारी को आगे बढ़ते देखना चाहता हूं क्योंकि मैं समझता हूं कि अमेरिका–भारत संबंध इसे बढ़ावा देने के लायक हैं. प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की हिंद–प्रशांत उपसमिति की अध्यक्ष यंग किम एवं विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष माइकल मैककॉल ने एक बयान में मोदी की यात्रा और कांग्रेस के संयुक्त संबोधन और रक्षा एवं अंतरिक्ष सहयोग, प्रौद्योगिकी साझा करने, लोगों के लोगों से संबंध सहित अमेरिका एवं भारत के बीच गहराते संबंध का स्वागत किया.

## पनडुब्बी में नहीं जाना चाहता था अरबपति का बेटा सुलेमान, पिता की जिद पर माना, चली गई जान!

**लंदन, एजेंसी।** टाइटैनिक जहाज का मलबा देखने टाइटन पनडुब्बी में सवार होकर गए सभी यात्रियों की मौत हो चुकी है। इस हादसे में पाकिस्तानी मूल के अरबपति शहजादा दाउद और उनके 19 वर्षीय बेटे सुलेमान दाउद की भी मौत हो गई है। गुरुवार को शहजादा दाउद की बड़ी बहन ने बताया कि सुलेमान इस सफर पर जाना ही नहीं चाहता था और वह तो इसे लेकर डरा हुआ था!

मीडिया रिपोर्टस के अनुसार, शहजादा दाउद की बड़ी बहन अजमेह दाउद ने बताया कि सुलेमान ने एक रिश्तेदार को बताया था कि वह इस ट्रिप को लेकर रोमांचित नहीं है बल्कि डरा हुआ है। अजमेह ने बताया कि जिस दिन ये लोग पनडुब्बी से समुद्र की गहराई में उतरे, उसी हफ्ते फादर्स डे था और सुलेमान अपने पिता को खुशी देना चाहता था क्योंकि शहजादा दाउद चाहते थे कि उनका बेटा भी उनके साथ टाइटैनिक का मलबा देखने समुद्र की गहराई में चले। शहजादा दाउद इस ट्रिप को लेकर बेहद रोमांचित थे और इसी वजह से



सुलेमान अपने पिता को निराश नहीं करना चाहता था।

अजमेह दाउद ने बताया कि शहजादा दाउद बचपन से ही टाइटैनिक जहाज को लेकर काफी जुनूनी रहते थे। टाइटैनिक जहाज के डूबने की घटना पर आधारित ब्रिटिश ड्रामा 'ए नाइट टू रिमेंबर' के भी वह प्रशंसक थे। शहजादा दाउद को समुद्री म्यूजियम देखना भी पसंद था। यही वजह है कि जब उन्हें पता चला कि उनके भाई ने ओशनगेट मिशन के लिए करोड़ों रुपए का टिकट खरीदा है तो उन्हें बिल्कुल भी आश्चर्य नहीं हुआ।

बता दें कि शहजादा दाउद का ताल्लुक पाकिस्तान के सबसे बड़े व्यापारिक घरानों में से एक दाउद हरक्यूलिस कॉरपोरेशन से है। यह ग्रुप कृषि, स्वास्थ्य और अन्य कई क्षेत्रों में काम करता है। शहजादा इस ग्रुप की कराची स्थित कंपनी एनग्रो कॉरपोरेशन के वाइस चेयरमैन थे।

## विपक्षी दलों को एकजुट होकर 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ना है: कांग्रेस अध्यक्ष खरगे

**पटना, एजेंसी** । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को विपक्षी नेताओं की बैठक से पहले कहा कि विपक्ष की सभी पार्टियों को एकजुट होकर आगामी लोकसभा चुनाव लड़ना है. उन्होंने बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि अगर हम बिहार जीत गए तो सारा हिंदुस्तान जीत जाएंगे. खरगे ने कहा, हम सभी विपक्षी पार्टियों को एकजुट होना है, 2024 में एक होकर लड़ना है. राहुल गांधी ने पहला कदम उठाया. मैंने और राहुल गांधी ने यह सोचा कि सभी नेताओं से बात करेंगे और उसी के अनुसार कदम उठाएंगे. उसी नीयत के साथ हम यह बैठक कर रहे हैं. उन्होंने कहा, "हमारी पार्टी के जो उसूल हैं और जो विचारधारा है, उसे बिहार कभी नहीं छोड़ सकता. अगर हम बिहार जीत गए तो सारे हिंदुस्तान में जीत जाएंगे. कांग्रेस अध्यक्ष ने आह्वान किया, आप सभी मिलकर कांग्रेस को जिताइये, मिलजुलकर काम करिये.

## विपक्ष की महाबैठक में 2024 का बना रोड मैप

### कहा— एकजुट होकर भाजपा को हराएंगे

**पटना, एजेंसी।** विपक्षी एकजुटता को लेकर पटना में शुक्रवार को संपन्न बहुप्रतीक्षित बैठक में शामिल विपक्षी दलों ने एक स्वर से 2024 के रोडमैप पर अपनी सहमति दी।

यह तय हुआ कि सब मिलकर एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे और भाजपा को केंद्र की सत्ता से बाहर करेंगे। मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बुलाई गई इस बैठक में कांग्रेस की मौजूदगी महत्वपूर्ण थी।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यह स्पष्ट किया कि सभी राज्यों के लिए अलग–अलग ढंग से काम करना होगा। वहीं, राहुल गांधी ने भी साफ किया कि हमें फ्लेक्सिबल होकर काम करना होगा।

तीन घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में यह तय हुआ कि विपक्षी एकजुटता की इस पहल को और विस्तार देने के लिए अगले माह 10 से 12 जुलाई को विपक्ष की एक बैठक शिमला में होगी।

वहीं, यह तय होगा कि कहां किस दल को आगे करना है। इधर, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद



केजरीवाल की यह मांग पूरी नहीं हो सकी कि महाबैठक में सबसे पहले दिल्ली के मसले पर केंद्र सरकार द्वारा लाए गए अध्यादेश पर चर्चा हो।

राहुल गांधी ने भी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। इसका असर यह भी दिखा कि अरविंद केजरीवाल विपक्ष के नेताओं की संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस के पहले ही दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

तृणमूल कांग्रेस की नेता और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नाराज होने और गुस्सा करने की बात भी थी पर उन्होंने पूरे संयत भाव से कहा कि हम लोग एकजुट होकर लड़ेंगे।

यह भी जोड़ा कि इतिहास बदलने वाले लोगों के लिए पटना से नया इतिहास आज आरंभ हो गया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सकारात्मक होते हुए कहा कि सभी राज्यों में अलग–अलग ढंग से काम करना होगा।

इस क्रम में उन्होंने यूपी, तमिलनाडु, बिहार व महाराष्ट्र आदि का नाम भी लिया। उन्होंने कहा कि एकजुट होकर लड़े तो 2024 में भाजपा को केंद्र की सत्ता से बाहर कर देंगे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महाबैठक में हुई चर्चा के संबंध में बताया कि एकसाथ चलने पर सहमति हुई है। एकसाथ मिलकर सभी लोग चुनाव लड़ेंगे।

अगले महीने शिमला में होने वाली बैठक में यह अंतिम रूप ले लेगा। कौन कहां से लड़ेगा यह तय हो जाएगा। यह देश के हित में है।

जो लोग केंद्र की सत्ता में हैं, वह देश के हित में काम नहीं कर रहे। तय हुआ कि किसी भी राज्य में अगर चुनौती आएगी तो सब साथ मिलकर काम करेंगे।

**महाबैठक में ये हुए शामिल** 1. राहुल गांधी 2. मल्लिकार्जुन खरगे 3. शरद पवार 4. नीतीश कुमार 5. लालू प्रसाद 6. डी राजा 7. सीताराम येचुरी 8. अखिलेश यादव 5. उमर अब्दुल्ला 5. महबूबा मुफ्ती 6. ममता बनर्जी 7. एमके स्टालिन 8. अरविंद केजरीवाल 9. भगवंत मान 10. संजय सिंह 11. राघव चड्ढा 12. हेमंत सोरेन 13. राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह 14. दीपांकर भट्टाचार्या 15. तेजस्वी यादव 16. संजय झा 17. उद्धव ठाकरे 18. आदित्य ठाकरे 19. संजय राउत।

**इन दलों की सहभागिता** 1. कांग्रेस 2 राजद 3. जदयू 4. एनसीपी 5 आप 6. डीएमके 7. एनसीपी 8 शिवसेना (उद्धव–बाला साहब ठाकरे) 9. तृणमूल कांग्रेस 10. माकपा 11. भाकपा 12. भाकपा (माले) 13. नेशनल कांफ्रेंस 14. पीडीपी 15. सपा।

## उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के लिए जोखिम भरी है गठबंधन की राह

### 2022 में भुगतना पड़ा सपा से गठबंधन का दुष्परिणाम

**नई दिल्ली , एजेंसी**। विपक्षी एकजुटता के लिए जो प्रयास हो रहे हैं, उसके लिए फिलहाल कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व भी गंभीर नजर आ रहा है। इसके नफा–नुकसान का पता तो 2024 में लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद ही पता चलेगा, लेकिन खास तौर पर उत्तर प्रदेश में पार्टी के पुनरोद्धार के लिए यह गठबंधन जोखिम भरा साबित हो सकता है।

सीमित सीटों पर चुनाव लड़ने का दुष्परिणाम देख चुके जमीनी कार्यकर्ता नहीं चाहते कि कांग्रेस यूं अपनी जमीन छोड़ती चली जाए, जिससे हाल आजमगढ़ और मैनपुरी जैसा हो जाए, जहां लंबे समय से चुनाव न लड़े जाने के कारण संगठन लगभग निष्क्रिय हो चुका है।

सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में कांग्रेस तीन दशक से सत्ता से बाहर है। वर्तमान में 80 लोकसभा सीटों में से सिर्फ एक रायबरेली से सोनिया गांधी पार्टी की सांसद हैं और 403 विधानसभा सीटों में से सिर्फ



दो विधायक हैं। पार्टी प्रदेश में कमजोर तो वर्षों से है, लेकिन पहला तगड़ा झटका 2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर से लगा और फिर 2017 के विधानसभा चुनाव से गिरावट तेज हो गई।

दरअसल, 2017 में भाजपा को सत्ता में आने से रोकने के लिए पार्टी ने चुनावी रणनीतिकार पीके का सहयोग लिया। पीके ने अपने हिसाब से रणनीति बनाई। चुनाव प्रचार अभियान जोरशोर से चला।

राहुल गांधी की खाट सभाओं में जिस तरह से भीड़ जुटी, उससे कांग्रेस कार्यकर्ता उत्साहित नजर आने लगे, लेकिन आखिरकार 2017 में कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं की इच्छा को नजरअंदाज कर समाजवादी पार्टी से गठबंधन कर लिया। कांग्रेस ने मात्र 114 सीटों पर चुनाव लड़ा। उसका दुष्परिणाम यह रहा कि 2012 के मुकाबले सीटें 28 से घटकर सात तो वोट प्रतिशत 11.63 प्रतिशत से सिमटकर 6.25 प्रतिशत पर आ गया।

इसके कुछ समय बाद उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी बतौर प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने संभाल ली। तमाम समीक्षा बैठकों में यह बात सामने आई कि गठबंधन कर कांग्रेस ने जिन विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव नहीं लड़ा, वहां कार्यकर्ता हताश हो गए, वहां वर्षों से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे दावेदार निराश हो गए। इस तरह संगठन निष्क्रिय हो गया।कार्यकर्ता मानते हैं कि उसी गठबंधन का असर रहा कि प्रियंका द्वारा लगातार मेहनत के बावजूद संगठन फिर उस तरह ऊर्जाकृत नहीं हो सका, जिसका खामियाजा 2019 में सिर्फ एक संसदीय सीट पर पार्टी के सिमट जाने के रूप में उठाना पड़ा और फिर 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के सिर्फ दो प्रत्याशी ही विधानसभा पहुंच सके। वोट प्रतिशत भी 6.25 प्रतिशत से घटकर 2.33 प्रतिशत पर आ गया।

आजमगढ़ से कांग्रेस के पूर्व सांसद डा. संतोष सिंह कहते हैं कि आजमगढ़ में कांग्रेस लगभग ढाई दशक से चुनाव नहीं लड़ी। सपा के लिए सीट छोड़ती रही। इसी तरह मैनपुरी में कांग्रेस दशकों से समाजवादी पार्टी से समझौते में सीट छोड़ती रही है। इटावा में फ्रेंडली फाइट जैसा चुनाव लड़ा जाता रहा। उसी का परिणाम है कि इन सभी क्षेत्रों में पार्टी का संगठन लगभग शून्य है।

वह मानते हैं कि गठबंधन सत्ता में आ जाता है तो बात दीगर है, लेकिन यदि चुनाव हार गए तो यह गठबंधन कांग्रेस संगठन के ध्ष्टिकोण से भविष्य के लिए भी नुकसानदेह साबित होगा। यही कारण है कि पार्टी कार्यकर्ता न 2017 में गठबंधन के पक्षधर थे और न अब होंगे।

## विपक्षी दलों को राष्ट्रीय हित में बड़ा दिल दिखाना होगा: शिवसेना

**मुंबई ,एजेंसी** । पटना में विपक्षी दलों की बैठक के मद्देनजर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने शुक्रवार को कहा कि अगर 2024 के बाद लोकतंत्र जीवित रखना है तो राजनीतिक दलों को मतदाताओं के बीच विश्वास पैदा करने के लिए राष्ट्रीय हित में बड़ा दिल दिखाना होगा.

पार्टी के मुखपत्र सामना में प्रकाशित संपादकीय में उद्धव बालासाहेब ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) और के. चंद्रशेखर राव नीत भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाएं हैं लेकिन इससे अप्रत्यक्ष रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मदद मिलेगी और उनकी तानाशाही को ही समर्थन मिलेगा.इन दोनों दलों का विभिन्न राज्यों में कांग्रेस तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से सीधा मुकाबला है. बीआरएस महाराष्ट्र में पैर जमाने के लिए राज्य में रैलियां कर रही है. संपादकीय में कहा गया है कि अगर 2024 के बाद लोकतंत्र को जीवित रखना है तो राजनीतिक नेताओं को राष्ट्रीय हित के लिए बड़ा दिल दिखाना होगा. अगर सभी साथ आते हैं तो इससे मतदाताओं के बीच विश्वास पैदा होगा.

इसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी की कोशिश किसी न किसी तरीके से विपक्षी एकता को तोड़ने की होगी. शिवसेना ने कहा कि अगर 450 सीटों पर सीधा मुकाबला होता है तो भाजपा पराजित होगी. मोदी कितनी भी कोशिश कर लें फिर भी उनकी दयनीय पराजय हो सकती है.

# ‘इंदिरा ने जिन्हें जेल में डाला, वे कांग्रेस के साथ गलबहियां डाल रहे’ : नड्डा

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पटना में विपक्षी दलों की बैठक की मेजबानी करने के लिए शुक्रवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद को आड़े हाथों लिया। नड्डा ने उन्हें याद दिलाया कि वह कांग्रेस की नेता और प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ही थीं, जिन्होंने उन्हें आपातकाल के दौरान महीनों के लिए जेल में डाल दिया था।

नड्डा ने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आज सभी विपक्षी दल पटना में गलबहियां डाल रहे हैं। ये देखकर आश्चर्य होता है कि कांग्रेस विरोध के साथ अपनी राजनीति को आगे बढ़ाने वाले नेताओं की स्थिति



क्या से क्या हो गई है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि यही लालू प्रसाद यादव पूरे 22 महीने जेल में रहे। जबकि नीतीश कुमार पूरे 20 महीने जेल की सलाखों के पीछे रहे। राहुल की दादी व कांग्रेस की इंदिरा गांधी ने इन लोगों को जेल में डाला था।

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए नड्डा ने कहा कि हिन्दुओं की बात करने वाले उनके पिता बालासाहेब ठाकरे कहा करते थे कि वह शिवसेना को कभी कांग्रेस नहीं बनने देंगे और जिस दिन कांग्रेस से हाथ मिलाना पड़े तो वह अपनी दुकान बंद कर देंगे। आज बालासाहेब ठाकरे सोचते होंगे किसी और ने नहीं, बल्कि उनके बेटे ने ही उनकी दुकान बंद कर दी है।

उन्होंने कहा कि ये परिस्थिति आज हो गई है। ये कैसी राजनीति...आज पटना की धरती में राहुल गांधी का आदर सहित स्वागत करते हुए मैं जब इनकी तस्वीरें देख रहा हूं तो मुझे याद आता है कि राजनीति में क्या से क्या हो गया? कहां से चले थे कहां पहुंच गए?''नड्डा ने इस अवसर पर परिवारवाद और वोटबैंक की राजनीति का आरोप लगाया। साथ ही दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश में विकासवाद और रिपोर्ट कार्ड की राजनीति की एक नई संस्कृति आरंभ की है।विपक्षी नेताओं की ओर से प्रधानमंत्री को निशाना बनाए जाने पर भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जब दुनिया में प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा होती है, तो यहां कांग्रेसी नेताओं के पेट में मरोड़ उठते हैं।

# जब आप विपक्ष को दबा रहे हों, तो सुनिश्चित करें कि आप उसे खत्म कर दें : माइकल वॉन

बर्मिंघम ,। एजबस्टन में पहले एशेज टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के हाथों इंग्लैंड की दो विकेट से हार के बाद पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने बेन स्टोक्स की अगुआई वाली टीम को सलाह दी है कि जब मेहमानों को बैक फुट पर धकेला जाता है तो सुनिश्चित करें कि आप उसे चित कर दे और उनके लिए वापसी का कोई मौका न छोड़े।

281 रनों का पीछा करते हुए, ऑस्ट्रेलिया को पैट कमिंस (नाबाद 44) और नाथन लियोन (नाबाद 16) के बीच पांचवे दिन के खेल में नौवें विकेट के लिए 55 रन की नाबाद साझेदारी से जीत मिली। इंग्लैंड, जिसने पहले दिन के खेल में 393/8 पर अपनी पहली पारी घोषित की, ऑस्ट्रेलिया का लक्ष्य का पीछा करते हुए स्कोर 227/8 कर दिया लेकिन स्टोक्स ने एक महत्वपूर्ण मुश्किल कैच छोड़ दिया और लियोन को आउट करने का मौका चूक गए।

द डेली टेलीग्राफ के लिए अपने कॉलम में वॉन ने लिखा, इंग्लैंड को जो सीखना चाहिए वह यह है कि जब आप विपक्ष को पछाड़ रहे हों, तो सुनिश्चित करें कि आप मामला खत्म कर रहे हैं। यदि आप आलोचना कर रहे थे, तो इस टेस्ट मैच में कई बार ऐसा हुआ जब इंग्लैंड शीर्ष पर आराम से लग रहा था और फिर ऑस्ट्रेलिया के लिए सिर्फ एक दरवाजा खोल दिया।



वॉन ने कहा कि एजबस्टन में मैदान पर इंग्लैंड के छोटे-छोटे पलों को याद करना बाकी श्रृंखला में अक्सर नहीं होना चाहिए।

उन्होंने आगे लिखा, यह इंग्लैंड के लिए एक चेतावनी का संकेत है। मैं टीम नहीं बदलूंगा। यह सिर्फ होशियार होने और क्षेत्र में थोड़ा और तेज होने के बारे में है। वे ऑस्ट्रेलिया को इतने मौके नहीं दे सकते। मेरी याद में कोई स्पोर्टिंग टीम नहीं है जो केवल एक ही तरीके से खेलते हैं और अंततः उच्चतम प्रतियोगिताओं में सफल होते हैं। इसे बदलने के लिए आपके पास यह है कि इंग्लैंड को पांच दिवसीय खेल के दौरान अनुकूल करने की आवश्यकता है।

वां ने कहा, इंग्लैंड कहेगा कि कुछ भी नहीं बदलता है, और यह बाहरी रूप से टिके रहने के लिए एक अच्छा संदेश है। लेकिन मुझे लगता है कि स्टोक्स चाहते हैं कि टीम पिछले एक साल में अच्छी तरह से काम करने के मूल को ध्यान में रखते हुए बस थोड़ा सा स्मार्ट बनने की कोशिश करे और उसे सिर्फ क्षणों का आकलन करने में चतुर होना चाहिए।

इंग्लैंड अब पांच मैचों की श्रृंखला में 1–0 से पीछे है और दूसरा टेस्ट लॉर्डस में 28 जून से शुरू होने वाला है। वॉन को भी लगा कि मेजबान टीम अगले गेम में चतुर हो सकती है।

वॉन ने लिखा, वे फ्रंट फुट पर और साहसिक रूप से खेलना जारी रख सकते हैं, लेकिन उन पलों को पहचानने के बारे में थोड़ा होशियार भी हो सकते हैं। उन्हें लॉर्डस में थोड़ा चतुर होने की जरूरत है। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, कभी–कभी वे कुछ अधिक निर्दयी हो सकते थे और बस यह सुनिश्चित कर लें कि वे सत्र जीत लें। इंग्लैंड ने पहले और चौथे दिन बहुत अच्छी शुरूआत की, और फिर सत्र के अंत में कुछ काफी नरमी दिखा दी। उन्हें थोड़ा सा होशियार होने की जरूरत है।

## स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड समर गेम्स 2023 में भारतीय दल ने 50 पदक का आंकड़ा पार किया

बर्लिन, स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड गेम्स 2023 में भारतीय दल ने बुधवार तक 50 पदक का आंकड़ा पार कर लिया है। दिन के अंत में भारतीय दल के नाम पांच अलग–अलग खेलों झ एथलेटिक्स, साइकिलिंग, पावरलिफ्टिंग, रोलर स्केटिंग और तैराकी में 55 पदक (15 स्वर्ण, 27 रजत, 13 कांस्य) थे। बुधवार की भारत के लिए मुख्य आकर्षण तैराकी और साइक्लिंग कोर्स रहा, जिसमें भारत ने पूल में पांच पदक (3 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य) और साइक्लिंग कोर्स में छह (3 स्वर्ण, 2 रजत, एक कांस्य) पदक जीते।विश्व खेलों में साइकिलिंग प्रतियोगिता में भारतीय साइक्लिंग टीम के प्रत्येक सदस्य ने पदक जीता।नील यादव ने 5 किमी रोड रेस में कांस्य पदक जीतकर शुरूआत की। इसके बाद शिवानी, नील यादव और इंदु प्रकाश ने 1 किमी टाइम ट्रायल में स्वर्ण पदक जीता, जबकि कल्पना जेना और जयसीला अर्बुथराज ने रजत पदक जीता।पूल में, फ्रीस्टाइल तैराकों, दीक्षा जितेंद्र शिरगांवकर, पूजा गिरिधरराव गायकवाड़ और प्रसादधि कांबले ने स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद माधव मदान ने 25 मीटर फ्रीस्टाइल में एक और स्वर्ण जीता। वहीं, सिद्धांत मुरली कुमार ने 25 मीटर फ्रीस्टाइल में कांस्य पदक जीता।सोनीपत के साकेत कुंडू ने मिनी जेवलिन लेवल बी में रजत पदक जीता। लिटिल एंजल्स स्कूल के छात्र साकेत एक बहु–खेल एथलीट है, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर टेबल टेनिस, फिगर स्केटिंग और एथलेटिक्स में प्रतिस्पर्धा की है।

## साउथेम्प्टन ने रसेल मार्टिन को अपना नया मैनेजर नियुक्त किया

साउथेम्प्टन, 2022/23 सीजन में तालिका में सबसे नीचे रहने और प्रीमियर लीग से बाहर होने के बाद, साउथेम्प्टन ने गुरुवार को रसेल मार्टिन को अपना नया मैनेजर नियुक्त किया है।मार्टिन ने इससे पहले स्वानसी सिटी एफसी का प्रबंधन किया था। स्वानसी पिछले सीजन में नौ मैचों में अजेय रहा था और दूसरे चरण में 10 वें स्थान पर था। इस दौरान क्लब ने वेस्ट ब्रॉम और नॉर्विच सिटी पर जीत दर्ज की थी।रसेल ने अपनी नियुक्ति पर कहा कि एक ऐसे क्लब का प्रबंधन करना सौभाग्य की बात होगी जिसका एक समृद्ध इतिहास है।

रसेल ने क्लब की आधिकारिक वेबसाइट के हवाले से कहा, इतने लंबे और समृद्ध इतिहास वाले क्लब साउथेम्प्टन में इस अवसर को स्वीकार करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मेरा लक्ष्य इस क्लब को उसी स्थान पर वापस लाना है जहां यह पहले था। मैं इस चुनौती के लिए तैयार हूं और इस लक्ष्य को हासिल करने और समर्थकों को एक ऐसी टीम देने के लिए सब कुछ दूंगा, जिसपर उन्हें गर्व हो। मैं यहां आकर रोमांचित हूं और काम शुरू करने का और इंतजार नहीं कर सकता।साउथेम्प्टन एफसी के अध्यक्ष, हेनरिक क्राफ्ट ने रसेल की नियुक्ति पर कहा, हम साउथेम्प्टन में रसेल का स्वागत करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। रसेल हमारी भर्ती प्रक्रिया के दौरान असाधारण उम्मीदवार थे और हमें अनुभवी नेतृत्व के साथ–साथ उनके मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड पर भरोसा है।

फुटबॉल निदेशक, जेसन विलकॉक्स ने अपने नए प्रबंधक को एक ऐसा व्यक्ति बताया जो उनके दृष्टिकोण और उन लक्ष्यों में फिट बैठता है जिन्हें वे प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं।उन्होंने कहा, रसेल ने अब तक अपने प्रबंधकीय करियर में शानदार गुण दिखाए हैं और हमारा मानना है कि वह ऐसे व्यक्ति हैं जो साउथेम्प्टन में मौजूद बेहतरीन माहौल में आगे बढ़ेंगे। हम जो हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं, उसके लिए वह बिल्कुल फिट हैं। हम नए सीजन के लिए तैयार हैं।

रसेल के पूर्व क्लब, स्वानसी ने क्लब के साथ उनके काम के लिए अपने पूर्व प्रबंधक को धन्यवाद दिया और कहा कि वे समय पर नई प्रथम–टीम कोचिंग स्टाफ के बारे में अपडेट देंगे।स्वानसी सिटी ने बयान में लिखा, क्लब में अपने समय के दौरान रसेल द्वारा किए गए काम के लिए स्वानसी सिटी उन्हें धन्यवाद देना चाहती है।

# मैकुलम ने मोईन अली, जॉनी बेयरस्टो का किया समर्थन

### कहा– फिट रहे तो दूसरे एशेज टेस्ट में खेलेंगे

लंदन, इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने स्पिनर मोईन अली और चोट से वापसी कर रहे विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो का समर्थन करते हुए कहा कि अगर दोनों खिलाड़ी फिट रहे तो वे 28 जून से यहां लॉर्ड्स में शुरू हो रहे दूसरे एशेज टेस्ट मैच में अंतिम एकादश का हिस्सा होंगे।



इंग्लैंड बर्मिंघम में शुरुआती टेस्ट दो विकेट से हार गया, जिसमें मोईन और बेयरस्टो संघर्ष करते नजर आए।मोईन अली, जिन्होंने नियमित स्पिनर जैक लीच के घायल होने के बाद टेस्ट संन्यास से वापसी की, पहले टेस्ट मैच में 33 ओवरों में 147 रन देकर दो विकेट व दूसरी पारी में 57 रन देकर 1 विकेट लिया। बेयरस्टो, जो एक गोल्फ मैच के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गए थे, ने पहली पारी में 78 रन बनाए और फिर इंग्लैंड की दूसरी पारी में सिर्फ 20 रन बनाए। हालाँकि, जो बात अधिक मायने रखती है वह यह है कि उन्होंने विकेटकीपर के रूप में कुछ मौके गँवाए जिसका इंग्लैंड को थोड़ा खामियाजा भुगतना पड़ा।बेयरस्टो दूसरी पारी में जेम्स एंडरसन के ओवर में उस्मान ख्वाजा का कैच नहीं पकड़ सके। उन्होंने एलेक्स कैरी का भी दो बार कैच छोड़ा और कैमरून ग्रीन के खिलाफ स्टंपिंग करने से चूक गए।हालाँकि, मैकुलम ने दूसरे टेस्ट के लिए दोनों खिलाड़ियों का समर्थन किया है, बशर्ते वे खेलने के लिए फिट हों।

## रियल मैड्रिड ने डिफेंडर नाचो फर्नांडीज के साथ एक साल का किया अनुबंध विस्तार

मैड्रिड, रियल मैड्रिड ने गुरुवार को डिफेंडर नाचो फर्नांडीज के साथ एक साल का अनुबंध विस्तार किया है। फर्नांडीज अब जून 2024 के अंत तक क्लब में बने रहेंगे। 33 वर्षीय फर्नांडीज ने अप्रैल 2011 में पेशेवर फुटबॉल में पदार्पण किया था, उन्होंने क्लब के लिए 319 मैच खेले हैं। बता दें कि पहले फर्नांडीज के विलारियल और इंटर मिलान से जुड़ने की चर्चाएं चल रही थीं, इसके बाद उन्होंने इन चर्चाओं पर ब्रेक लगाते हुए कुछ दिनों पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि वह उस क्लब में बने रहने का इरादा रखते हैं जिसमें वह 10 साल की उम्र में शामिल हुए थे। क्लब ने इसके पहले 33 वर्षीय मिडफील्डर टोनी क्रूस के साथ भी एक साल का करार विस्तार किया था और उम्मीद है कि क्लब आने वाले दिनों में मिडफील्डर डैनी सेबलोस और लुका मोड्रिक के साथ भी नए करार की पुष्टि करेगा।

# अपने पहले मैच में कनाडा का सामना करेगी भारतीय टीम

नई दिल्ली, एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व कप 2023 की आयोजन समिति ने गुरुवार रात को चिली के सैंटियागो में 29 नवंबर से 10 दिसंबर 2023 तक होने वाले बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट के लिए पूल और कार्यक्रम की घोषणा की। इस प्रतिष्ठित आयोजन से पहले एफआईएच ने नई जूनियर महिला विश्व रैंकिंग का भी खुलासा किया, जिसके अनुसार भारत छठे स्थान पर है, जबकि नीदरलैंड पहले स्थान पर है। इस बीच, अर्जेंटीना, जर्मनी, इंग्लैंड और संयुक्त राज्य अमेरिका क्रमशः दूसरे, तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। बता दें कि कॉन्टिनेंटल रैंकिंग में भारत शीर्ष रैंकिंग वाली टीम है। भारतीय टीम को बेल्जियम, कनाडा और जर्मनी के साथ पूल सी में रखा गया है। भारतीय टीम 29 नवंबर को कनाडा के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इसके बाद 1 दिसंबर को अपने दूसरे मैच में जर्मनी से और अपने तीसरे और आखिरी पूल मैच में 2 दिसंबर को बेल्जियम से भिड़ेगी। हाल ही में जापान में महिला जूनियर एशिया कप 2023 जीतने के बाद, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम आत्मविश्वास के साथ एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप 2023 में हिस्सा लेगी। भारतीय



टीम एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व कप के पिछले संस्करण में कांस्य पदक जीतने के करीब पहुंच गई थी, लेकिन तीसरे स्थान के मैच में इंग्लैंड से 2–2(0–3) से हार गई थी। पूल्स के खुलासे पर महिला जूनियर एशिया कप 2023 की विजेता कप्तान प्रीति ने कहा, हम विश्व कप के लिए पूल्स का अनावरण देखकर रोमांचित हैं। यह हमारी टीम के लिए एक रोमांचक क्षण है क्योंकि हम दुनिया भर से कुछ सर्वश्रेष्ठ जूनियर टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं। प्रीति ने कहा, हम जानते हैं कि प्रत्येक पूल प्रतिभाशाली और कठिन विरोधियों से भरा हुआ है, लेकिन हम इसे वैश्विक मंच पर अपने कौशल, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क को प्रदर्शित करने के अवसर के रूप में देखते हैं। हमें अपनी क्षमताओं पर भरोसा है और हम हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। इस बीच, भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने कहा, एशिया कप जीतने के बाद टीम आत्मविश्वास से भरी है। लेकिन विश्व कप कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि हमें दुनिया भर की मजबूत टीमों का सामना करना पड़ेगा। टूर्नामेंट का प्रत्येक मैच हमारे कौशल, टीम वर्क और लचीलेपन की परीक्षा लेगा। पूल ड्रा हमें अपने खेल को ऊपर उठाने और सफलता प्राप्त करने के लिए अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने की आवश्यकता को पुष्ट करता है। उन्होंने कहा, हालांकि, हम अपनी टीम की क्षमता और मौके पर खरा उतरने की क्षमता पर विश्वास करते हैं। हमारा लक्ष्य एक एकजुट इकाई बनाना है जो कभी हार न मानने वाले रवैये के साथ प्रदर्शन करती है, और प्रत्येक प्रतिद्वंद्वी द्वारा पेश की गई चुनौतियों का सामना करते हुए हमारे गेम प्लान के प्रति सच्ची रहती है।

# फिल्मी सफर

# फिल्म सत्यप्रेम की कथा का नया गाना सुन सजनी रिलीज, कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी ने जमकर किया गरबा



कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की फिल्म सत्यप्रेम की कथा कुछ ही दिनों में रिलीज होने वाला है। फिल्म का ट्रेलर पहले ही चर्चा बटोर रहा है। इस बीच अब सत्यप्रेम की कथा का नया गाना सुन सजनी रिलीज कर दिया गया है, जो एक गरबा सॉन्ग है यानी इस नवरात्री चार्ट बस्टर लिस्ट में बॉलीवुड की तरफ से एक और गाने के शामिल होने की उम्मीद है।सत्यप्रेम की कथा के सुन सजनी गाने में कियारा आडवाणी और कार्तिक आर्यन गरबा करते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों काफी मुश्किल डांस स्टेप्स करते हुए नजर आ रहे हैं। फिल्म के इस गाने में कियारा बेहद रेड कलर की घाघरा– चोली में बेहद प्यारी लग रही हैं। एक्ट्रेस का टिपिकल गुजराती लुक इम्प्रेस करने वाला है।

कार्तिक आर्यन की बात करें तो एक्टर भी रेड कलर के कुर्ता–पायजामा सेट में हैंडसम लग रहे हैं। सुन सजनी में दोनों की केमिस्ट्री फैंस को पसंद आने वाली है।

सत्यप्रेम की कथा के सुन सजनी गाने को मीत ब्रदर्स, परंपरा टंडन, पीयूष मेहरोलिया ने मिलकर गाया है। वहीं, कुमार ने गाने के लिरिक्स तैयार किए हैं। मीत ब्रदर्स ने गाने का म्यूजिक भी दिया है। मेकर्स सत्यप्रेम की रिलीज के पहले फिल्म का बज बनाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। ट्रेलर जारी करने के बाद कुछ ही दिनों के अंतराल में फिल्म के तीन गाने रिलीज कर दिए गए है। सुन सजनी से पहले सत्यप्रेम की कथा का डांस नंबर गुज्जू पटाका, रोमांटिक गाना नसीब से और वेडिंग नंबर आज के बाद रिलीज हो चुके हैं। सत्यप्रेम की कथा के रिलीज की बात करें तो फिल्म 29 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म में कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी के अलावा सुप्रिया पाठक कपूर, गजराज राव, सिद्धार्थ रंदेरिया, अनुराधा पटेल, राजपाल यादव, निर्मित सावंत और शिखा तलसानिया भी हैं। सत्यप्रेम की कथा का डायरेक्शन समीर विद्वांस ने किया है। वहीं, प्रोडक्शन साजिद नाडियाडवाला ने किया है।

## फिल्म स्पाई का पोस्टर जारी, मशीनगन से फायरिंग करते नजर आए निखिल सिद्धार्थ

अपकमिंग एक्शन–थ्रिलर फिल्म स्पाई के निमार्ताओं ने पोस्टर जारी किया। इसमें एक्टर निखिल सिद्धार्थ मशीनगन से फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। पोस्टर में भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और राष्ट्रवादी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर वाला एक सिक्का भी है, जिसपर लिखा हैः तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। फिल्म तेलुगु, तमिल, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी में रिलीज होगी। इस फिल्म में तेलुगु अभिनेता निखिल सिद्धार्थ हैं, जो कार्तिकेय और कार्तिकेय 2 के लिए जाने जाते हैं। फिल्म की कहानी एक जासूस पर आधारित है, जो सच्चाई का पता लगाने के मिशन पर है। यह फिल्म 29 जून, 2023 को रिलीज होगी। गैरी बीएच द्वारा निर्देशित यह फिल्म महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस के लापता होने के रहस्य पर आधारित है। इसे मंगलमूर्ति फिल्म्स, सिनेकोर्न एंटरटेनमेंट और ईडी एंटरटेनमेंट के बैनर तले संगीता अहीर, कलापी नगाड़ा और के. राजशेखर रेड्डी द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित किया गया है।

# एक्टिंग, गाने और लिखने की कला के लिए आभारी हूं : आयुष्मान खुराना

आयुष्मान खुराना का कहना है कि वह एक्टर–आर्टिस्ट बने रहेंगे। इससे उन्हें संतुष्टि मिलती है। वर्ल्ड म्यूजिक डे पर, उन्होंने खुलासा किया कि उनका नया गाना रतन कालिया 4 जुलाई को रिलीज होगा। उनके पास पानी दा रंग, साडी गली आजा, मिट्टी दी खुशबू, यहीं हूं मैं जैसे कई हिट गाने हैं।



आयुष्मान ने कहा, मैं एक एक्टर–आर्टिस्ट बना रहूंगा, इससे संतुष्टि मिलती है। जब मुझे एक्टर के रूप में अच्छी, फ्रेश, डिसरप्टिव फिल्मों का हिस्सा बनने का मौका मिलता है तो मैं उत्साह से भर जाता हूं और यही फीलिंग मुझे तब भी मिलती है, जब मैं किसी नई म्यूजिक से जुड़ता है। मुझे लगता है कि मैं दोनों में नयापन खोजता हूं, क्योंकि मौलिकता मुझे हमेशा आकर्षित करती है।

उन्होंने कहा, मैं किस्मत वाला हूं कि मैं एक्टिंग कर सकता हूं और गा सकता हूं और लिख सकता हूं। मैं इस गिफ्ट के लिए आभारी हूं, जो मुझे मिला है। जब मैं स्क्रीन पर या म्यूजिक कॉन्सर्ट के दौरान लोगों का मनोरंजन करता हूं और लोग मेरे म्यूजिक पर थिरकते हैं, तब मैं वास्तव में जीवंत महसूस करता हूं। उन्होंने आगे कहाः मैं अपने करीबी फ्रेंड–कंपोजर और लॉन्ग टाइम क्रिएटिव कोलैबोरेट रोचक कोहली के साथ अगले महीने टी–सीरीज के साथ अपने नए गाने रतन कालियान को रिलीज करने की तैयारी कर रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि लोगों को नया गाना पसंद आएगा।

# सनी लियोनी ने शेयर किया योगा रुटीन, हॉट योगा है एक्ट्रेस का फेवरेट

एक्ट्रेस सनी लियोनी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अपना योगा रुटीन शेयर किया। उन्होंने कहा कि वह अपने फिटनेस प्रोग्राम में योग को शामिल करना पसंद करती हैं। यह सभी हानिकारक पदार्थों को दूर कर शरीर को साफ करने में मदद करता है।



बिग बॉस सीजन 5 में आने के बाद भारतीय शोबिज में अपनी जर्नी शुरू करने वाली एक्ट्रेस ने अपने योगा रुटीन के बारे में बात की। उन्होंने कहा, मैं हमेशा हॉट योगा को चुनती हूं। मुझे हॉट योगा पसंद है, इसका कारण यह है कि यह मेरी मांसपेशियों को मजबूत करने और टोन करने के अलावा मेरे शरीर से हानिकारक पदाथी को बाहर निकालता है। उन्होंने माइंडफुलनेस के बारे में अपनी राय भी साझा की, जो योग से निकटता से जुड़ी हुई है, और वर्तमान समय में यह कैसे महत्वपूर्ण है, उन्होंने कहा, मौजूदा समय में न सिर्फ अपने बारे में सजग होना जरूरी है, बल्कि हमारे आस–पास की सभी चीजों और लोगों के प्रति सजग होना बहुत महत्वपूर्ण है।वर्कफ्रंट की बात करें तो सनी जल्द ही कैनेडी में दिखाई देंगी, जिसे भारतीय नोयर के पोस्टर बॉय अनुराग कश्यप ने निर्देशित किया है। वह फिल्म में राहुल भट और अभिलाष थपलियाल के साथ स्क्रीन साझा करेंगी।

# मराठी एक्ट्रेस हैं आदिपुरुष में माया बनने वाली एक्ट्रेस तृप्ति टॉरडमल, पल्लू गिराकर दिया बोल्ड सीन

रामायण पर आधारित फिल्म आदिपुरुष में बोल्ड सीन देकर चर्चाओं में आने वाली एक्ट्रेस तृप्ति टॉरडमल उर्फ आयशा मधुकर एक मराठी एक्ट्रेस हैं। आदिपुरुष फिल्म उनकी बॉलीवुड डेब्यू फिल्म है। प्रभास और कृति सेनन और सैफ अली खान स्टारर आदिपुरुष पिछले हफ्ते रिलीज हुई थी। पिछले कुछ दिनों से फिल्म को लेकर काफी चर्चा हो रही है। कास्टिंग से लेकर डॉयलग तक की आलोचना हो रही है। आदिपुरुष फिल्म में एक एक्ट्रेस की काफी चर्चा हो रही है। आदिपुरुष में लंका में रावण के भाई विभीषण के साथ दिखाई गई एक एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। उन्होंने फिल्म में पल्लू गिराकर बोल्ड सीन दिया है। जिसपर बवाल मचा हुआ है। इस एक्ट्रेस का नाम तृप्ति टॉरडमल है। हालांकि तृप्ति



टॉरडमल का असली नाम आयशा मधुकर है। तृप्ति टॉरडमल का इंस्टाग्राम अकाउंट भी झ आयशा मधुकर के नाम से है। कई रिपोर्ट में दावा किया जा रहा कि तृप्ति टॉरडमल ने फिल्म आदिपुरुष में रावण के भाई विभीषण की पत्नी सरमा का किरदार निभाया है। हालांकि अपने इंस्टा अकाउंट पर तृप्ति टॉरडमल ने बताया है कि उन्होंने फिल्म में माया का किरदार निभाया है। तृप्ति टॉरडमल एक मराठी अभिनेत्री हैं और आदिपुरुष उनकी पहली हिंदी फिल्म है। तृप्ति टॉरडमल के पिता मधुकर टोडरमल भी मराठी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता हैं और उन्होंने कई फिल्मों में अपनी प्रतिभा साबित की है। तृप्ति टॉरडमल का जन्म मुंबई में 22 नवंबर 1992 को हुआ था। तृप्ति टॉरडमल ने 2 मराठी फिल्मों में काम किया है। तृप्ति टॉरडमल को साल 2018 में फिल्म सविता दामोदर परांजपे से पहचान मिली थी।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com